● वर्ष : 17 ● अंक : 167 ● मूल्य : 02 रुपया मात्र ● पृष्ठ : 08

LKS

RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928
www.loktantrakishaan.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

दिल्ली से प्रकाशित

मंगलवार 07 अप्रैल 2026

लोकतंत्र का स्तंभ

# कांग्रेस पूरी तरह परिवारवादी पार्टी, जनहित से उसका कोई सरोकार नहीं: मोदी

एजेंसी, होजाई



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां चुनावी जनसभा में कांग्रेस को "झूठ और भ्रष्टाचार की दुकान" बताते हुए आरोप लगाया कि पार्टी पूरी तरह परिवारवादी राजनीति में उलझी हुई है और जनता के हितों से उसका कोई सरोकार नहीं है।

प्रधानमंत्री ने असम के होजाई में आयोजित जनसभा में कहा कि कांग्रेस के पास "परिवारवाद के अलावा कोई ताकत नहीं है" और वह केवल झूठ बोलने और भ्रष्टाचार करने पर ध्यान केंद्रित करती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के "शाही परिवार" पर हजारों करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं और वह जमानत पर बाहर है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस का पूरा ध्यान सिर्फ दो परिवारों के भविष्य को सुरक्षित करने पर है—एक दिल्ली में और दूसरा असम में।

उन्होंने कहा कि इसके विपरीत भाजपा और राजग की "डबल इंजन सरकार" असम के हर जिले और हर परिवार के विकास के लिए काम कर रही है। मोदी ने कहा कि भाजपा के लिए "सबका साथ, सबका विकास" केवल नारा नहीं, बल्कि शासन की प्राथमिकता है।

प्रधानमंत्री ने असम में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब राज्य में सड़क और रेल जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहद खराब थी। उन्होंने दावा किया कि उस समय असम बिजली के लिए अन्य राज्यों पर निर्भर था और अक्सर बिजली संकट का सामना करता था, लेकिन पिछले एक दशक में स्थिति पूरी तरह बदल गई है और अब असम ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनकर उभर रहा है।

मोदी ने बताया कि बीते 10-11 वर्षों में लाखों घरों तक बिजली पहुंचाई गई है, जो लंबे समय से कनेक्शन का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने हाल ही में पश्चिम कार्बी आंगलोंग और दिमा हसाओ जिलों में लोअर कोपिली जलविद्युत परियोजना के उद्घाटन का जिक्र करते हुए कहा कि इससे राज्य को हर साल लगभग 45 करोड़ यूनिट अतिरिक्त बिजली मिलेगी।

वैश्विक हालात और पश्चिम एशिया में जारी संकट का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन परिस्थितियों का असर पूरी दुनिया पर पड़ा है, लेकिन भारत सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि इसका बोझ गरीबों, मध्यम वर्ग और किसानों पर न पड़े। सरकार की प्राथमिकता पहले भी यही थी और आज भी यही है।

ईंधन कीमतों के मुद्दे पर मोदी ने कहा कि इतने बड़े वैश्विक संकट के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों को बढ़ने नहीं दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके विपरीत कांग्रेस शासित राज्यों- विशेषकर हिमाचल प्रदेश में, सरकार ने पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ाकर आम जनता पर बोझ डाला है।

प्रधानमंत्री ने "पीएम सूर्य घर मुफ्त योजना" का जिक्र किया और कहा कि इसके तहत सोलर पैनल लगाने के लिए 70 से 80 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जा रही है। असम के लाखों परिवार इस योजना से जुड़ चुके हैं और उनका बिजली बिल शून्य हो गया है।

घुसपैठ के मुद्दे पर मोदी ने कहा कि यह समस्या असम की पहचान, आजीविका और सुरक्षा से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा-राजग सरकार राज्य को "जनसंख्या असंतुलन" से बचाने के लिए काम कर रही है और हर वोट राज्य की सुरक्षा को मजबूत करेगा।

प्रधानमंत्री ने महिलाओं की भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि 21वीं सदी के भारत के निर्माण के लिए यह जरूरी है कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिले। इसी उद्देश्य से महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का कानून लाया गया है।

मोदी ने असम की जनता से भाजपा को लगातार तीसरी बार समर्थन देने की अपील करते हुए कहा कि लखपति दीदी जैसी योजनाओं का विस्तार किया जाएगा और राज्य के विकास की गति को और तेज किया जाएगा।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय



## डोनाल्ड ट्रंप ने खोया मानसिक संतुलन, गाली गलौज पर उतरे

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जब से दूसरी बार राष्ट्रपति बने हैं, उसके बाद से ही उनकी कथनी और करनी को लेकर सारी दुनिया में उनकी एक नई छवि बनी है। पिछले 1 साल में उन्हें एक अहंकारी नेता के रूप में देखा जा रहा था। पिछले एक साल में जिस तरह से उन्होंने टैरिफ को लेकर आतंक मचाया था। उस समय उनकी पहचान एक गैंगस्टर के रूप में बनी थी। अमेरिकी मुद्रा डॉलर में वैश्विक व्यापार सारी दुनिया में होता है। उसके बल पर वह जो दादागिरी कर रहे थे, उसी समय से उनका विरोध होना शुरू हो गया था। उन्होंने वैश्विक व्यापार संधि का उल्लंघन करते हुए अपने मनमाने नियम और कानूनों के बल पर वसूली करने की जो प्रक्रिया शुरू की थी, उसी समय एक गैंगस्टर की तरह उनकी पहचान बनी। जिस तरह से उन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी का अपहरण कर अमेरिका लाया।

वेनेजुएला की सत्ता में अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका ने खुलेआम कब्जा किया। अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन किया। उसके बाद उनकी हिम्मत बढ़ी, उन्होंने ईरान मे अयातुल्लाह खामेनेई की सत्ता के खिलाफ ईरान की जनता को भड़काया, वहां पर आंदोलन कराए, खामेनेई को सत्ता से हटाने की कोशिश ट्रम्प ने की। जब यह प्रयास सफल नहीं हो पाया, उसके बाद अमेरिका और इजरायल ने बातचीत में उलझा कर ईरान के ऊपर हमला कर दिया। ईरान की सत्ता के सुप्रीमो अयातुल्लाह खामेनेई सहित दर्जनो नेताओं और रक्षा अधिकारियों की हत्या कर दी गई। ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतान्याहू ने सोचा था, जनता विद्रोह करेगी और वह ईरान के पूर्व राज परिवार के निष्कासित सदस्य को ईरान की सत्ता सौंप देंगे। ट्रंप का यह प्रयास सफल नहीं हुआ। ईरान ने अमेरिका की इस कार्यवाही का भरपूर जवाब दिया। पिछले 35 दिनों में ईरान ने बता दिया है, वह युद्ध का मुकाबला और अपनी रक्षा करने में सक्षम है।

पिछले 35 दिनों में जिस तरह से ईरान ने अमेरिका और इजरायल की सुरक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करते हुए, जिस तरह का नुकसान पहुंचाया है, उसकी कल्पना अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने नहीं की थी। इतनी करारी चुनौती अमेरिका को ढाई सौ साल के इतिहास में कभी नहीं मिली, जो ईरान से मिल रही है। ईरान ने एक ही झटके में पिछले 47 सालों से अमेरिका द्वारा ईरान पर प्रतिबंध लगाकर जो दादागिरी की जा रही थी। ईरान ने एक ही बार में जवाब देकर अमेरिका के अहंकार को तोड़ते हुए, जिस तरह से भयमुक्त लड़ाई लड़ी जा रही है। उससे लगता है, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है, वह क्या करें। इस युद्ध में रोजाना अमेरिका को आरबों रूपयों की राशि खर्च करनी पड़ रही है।

सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### असम सीएम का आरोप- खेड़ा-गोगोई को प्रेस कॉन्फ्रेंस में मैटेरियल पड़ोसी देश से मिला

**एजेंसी, गुवाहाटी** । असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि पवन खेड़ा और गौरव गोगोई को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस्तेमाल मैटेरियल पाकिस्तानी सोशल मीडिया ग्रुप से मिला था। हिमंता ने कहा कि असम चुनाव और कांग्रेस का समर्थन करने में पाकिस्तान की दिलचस्पी बढ़ गई है। पिछले 10 दिनों में, पाकिस्तानी चैनलों ने 11 टॉक शो किए हैं। सीएम हिमंता ने आरोप लगाया कि हर टॉक शो का निष्कर्ष यही है कि कांग्रेस को जीतना चाहिए। कल की प्रेस कॉन्फ्रेंस से कांग्रेस का पाकिस्तान कनेक्शन और स्पष्ट हो गया है। यह विवाद पवन खेड़ा के लगाए गए आरोपों से जुड़ा है, जिन्होंने दावा किया था कि सीएम हिमंता सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा के पास कई पासपोर्ट हैं। विदेशों में उनका व्यापार है जिसका खुलासा नहीं किया गया है। आमतौर पर जब आप फर्जी दस्तावेजों के साथ जनता के सामने कोई मुद्दा उठाते हैं, तो उस पर धाराएं लागू होती हैं। बेशक नए बीएनएस में भी इसके लिए प्रावधान मौजूद हैं।



हिमंता ने कहा कि कल मेरी पत्नी ने एफआईआर दर्ज कराई है और मुझे यकीन है कि पुलिस कानून की उचित धाराओं के तहत मामला दर्ज करके कार्रवाई करेगी। उन्होंने पाकिस्तानी सोशल मीडिया ग्रुप से मदद क्यों ली? तो हमारे बारे में जो कुछ भी कहा गया है, हम उसके लिए कोर्ट जाएंगे, हर बात के लिए लेकिन मेरा आरोप यह है कि पाकिस्तान गौरव गोगोई की मदद क्यों कर रहा है। हमें कांग्रेस के ही एक अंदरूनी सूत्र से पता चला था कि कुछ ऐसा होने वाला है।

### ट्रंप की धमकी के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने की कतर और यूएई के नेताओं से बात



**एजेंसी, नई दिल्ली** । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को सख्त चेतावनी देते हुए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को नौवहन के लिए खोलने हेतु 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि यदि यह समुद्री मार्ग नहीं खोला गया, तो ईरान के बिजली संयंत्रों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया जा सकता है। इस धमकी के बाद पूरे क्षेत्र में युद्ध की आशंका और बढ़ गई है। इसी बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची, कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से फोन पर महत्वपूर्ण बातचीत की। इन वार्ताओं का मुख्य केंद्र क्षेत्र में जारी संघर्ष और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर इसके संभावित प्रभाव रहे। विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया के माध्यम से इन वार्ताओं की संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईरान के विदेश मंत्री अराघची के साथ मौजूदा स्थिति पर चर्चा हुई। वहीं, नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास ने स्पष्ट किया कि दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर भी विस्तार से बात की गई।

## सैकड़ों महिलाओं के साथ अश्लील हरकत करने वाले बाबा अशोक खरात की संपत्ति की होगी जांच

एजेंसी, नासिक



महाराष्ट्र के नासिक में खुद को आध्यात्मिक गुरु बताने वाले अशोक खरात का मामला अब एक बड़े राष्ट्रीय स्कैंडल में तब्दील होता जा रहा है। रेप, धोखाधड़ी और अवैध रूप से करोड़ों की संपत्ति अर्जित करने के गंभीर आरोपों में घिरे इस फर्जी बाबा के खिलाफ सरकार ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं। राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट किया है कि अशोक खरात की बेहिसाब संपत्ति और संदिग्ध वित्तीय लेनदेन की जांच अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की जाएगी। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद यह साफ हो गया है कि प्रशासन अब केवल आपराधिक मामलों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इस पूरे साम्राज्य की आर्थिक जड़ों को भी खोदेगा। अशोक खरात पर आरोप है कि उसने आस्था की आड़ में न केवल महिलाओं का यौन शोषण और दुष्कर्म किया, बल्कि डरा-धमका कर और धोखाधड़ी के जरिए भारी मात्रा में चल-अचल संपत्ति भी खड़ी की है। ईडी की एंट्री का मतलब है कि अब उसके बैंक खातों, विदेशी लेनदेन और बेनामी संपत्तियों के स्रोतों की गहराई से पड़ताल होगी। मुख्यमंत्री फडणवीस ने सदन और सार्वजनिक मंचों पर यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकार केवल हवा-हवाई आरोपों पर नहीं, बल्कि ठोस सबूतों के आधार पर काम कर रही है। अब तक खरात के खिलाफ विभिन्न थानों में करीब 12 मामले दर्ज किए जा चुके हैं, और जैसे-जैसे जांच का दायरा बढ़ रहा है, पीड़ित और गवाह भी हिम्मत जुटाकर सामने आ रहे हैं। इस मामले में एक नया मोड़ तब आया जब कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) लीक होने का विवाद गरमाया। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि खरात के कुछ प्रभावशाली राजनीतिक नेताओं के साथ संबंध थे।

## बीजेपी के 47वें स्थापना दिवस पर नेताओं ने संगठन की उपलब्धियों को किया याद

▪ पीएम मोदी बोले-पार्टी का सामूहिक संकल्प देश को समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी 6 अप्रैल को अपना 47वां स्थापना दिवस पूरे उत्साह के साथ मना रही है। इस अवसर पर देशभर में पार्टी कार्यालयों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। कार्यकर्ताओं और नेताओं ने झंडा फहराया, संगठन की उपलब्धियों को याद किया और भविष्य के संकल्प दोहराए। पीएम मोदी ने एक्स पर कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीजेपी एक विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पार्टी का सामूहिक संकल्प देश को प्रगति और समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने "नेशन फर्स्ट, पार्टी नेक्स्ट, सेल्फ लास्ट" को बीजेपी का मूल मंत्र बताते हुए कहा कि हर कार्यकर्ता इसी भावना से राष्ट्रसेवा में जुटा है। यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ ने बीजेपी के झंडे के साथ सेल्फी लेकर स्थापना दिवस का संदेश दिया, जबकि मध्य प्रदेश में 17 नए पार्टी कार्यालयों के भूमिपूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजस्थान में सीएम भजनलाल शर्मा ने पार्टी कार्यालय में ध्वजारोहण कर कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। बीजेपी का इतिहास भी इस अवसर पर याद किया गया। पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी, जिसकी वैचारिक नींव 1951 में बने भारतीय जनसंघ से जुड़ी है। इस संगठन की स्थापना श्याम प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय ने की थी। स्थापना के बाद से बीजेपी ने भारतीय राजनीति में लगातार विस्तार किया है। 2019 इंडियन जनरल इलेक्शन में पार्टी ने 303 सीटें जीतकर ऐतिहासिक सफलता हासिल की। अब तक बीजेपी के दो पीएम अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी देश का नेतृत्व कर चुके हैं।

## सत्य और तथ्य की जीत होगी, हर झूठ होगा बेनकाब, दुष्प्रचार नहीं दबा सकता आवाज

**एजेंसी, नई दिल्ली** : आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा संसद में पंजाब के मुद्दे न उठाने के आरोप को लेकर राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने इन आरोपों को निराधार, राजनीति से प्रेरित और आधिकारिक संसदीय रिकॉर्ड के विपरीत बताया है। उन्होंने एक नया वीडियो जारी कर कहा कि कोई भी दुष्प्रचार अभियान मेरी आवाज को दबा नहीं सकता और न ही मेरे संकल्प को कमजोर कर सकता है। सत्य और तथ्य की जीत होगी और हर झूठ बेनकाब होगा। संसद में उन्होंने अभी तक लगातार और मजबूती से पंजाब के मुद्दों को उठाया है। उन्होंने संसद में उठाए गए मुद्दों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह कोई राय या प्रचार का विषय नहीं है, बल्कि आधिकारिक रिकॉर्ड का मामला है, जिसे हर नागरिक सत्यापित कर सकता है। चड्ढा ने फिर दोहराया कि मेरा काम संसद में ड्रामा करना नहीं, बल्कि जनता के मुद्दों को गंभीरता से उठाना है। उन्होंने कहा कि मेरे संसदीय रिकॉर्ड में मेरा काम दिखता है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि तथ्यों के बजाय मेरे खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने साफ कहा कि पंजाब उनके लिए महज कोई राजनीतिक चर्चा का विषय नहीं, बल्कि एक प्रतिबद्धता है।

## राज्यसभा के 19 नए सदस्यों ने ली शपथ, व्हीलचेयर पर पहुंचे शरद पवार



**एजेंसी, नई दिल्ली** । संसद के उच्च सदन राज्य सभा के लिए चुने गए नए सदस्यों ने सोमवार को शपथ ग्रहण की। इस दौरान शरद पवार व्हीलचेयर पर पहुंचे, जो समारोह का एक भावुक क्षण रहा। राज्यसभा के 19 नए सदस्यों के साथ केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने भी सांसद के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह सीपी राधाकृष्णन की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस अवसर पर उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नए सदस्यों में महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और ओडिशा से प्रतिनिधि शामिल हैं। महाराष्ट्र से माया चिंतामन इवनेत ने सबसे पहले शपथ ली, इसके बाद शरद पवार ने शपथ ग्रहण किया। राज्य से रामाराव सखाराम वाडकुट, ज्योति नागनाथ वाघमारे और रामदास अठावले ने भी सदस्यता की शपथ ली। तमिलनाडु से एम थाम्बिदुराई, तिरुचि सिवा और अंबुमणी रामदोस्स सहित कई नेताओं ने सदन में प्रवेश किया। वहीं पश्चिम बंगाल से बाबुल सुप्रियो और अन्य सदस्यों ने शपथ ली। ओडिशा से भी विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## अमित जोगी को उम्र कैद, जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट का फैसला

एजेंसी, बिलासपुर



छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने राम अवतार जग्गी हत्याकांड में अमित जोगी को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 1000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच 78 पेज के मैं यह फैसला सुनाया है। एनसीपी नेता राम अवतार जग्गी की हत्या के मामले में हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को रद्द करते हुए अमित जोगी को उम्र कैद की सजा सुनाई है । फैसले में कहा गया है कि आरोपी अमित जोगी उर्फ अमित ऐश्वर्या जोगी को आईपीसी की धारा 302 के साथ ही धारा 120 बी के तहत दंडनीय अपराध का दोषी ठहराया जाता है और उसे आजीवन कारावास के साथ 1000 रुपए का जुर्माना लगाया जाता है। जुर्माना न भरने पर 6 महीने का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। अपीलकर्ता सीबीआई द्वारा दायर अपील स्वीकार की जाती है। शिकायतकर्ता सतीश जग्गी द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका का भी निपटारा किया जाता है। क्योंकि 4 अप्रैल 2024 के निर्णय के माध्यम से अन्य संबंधित अपीलों में अन्य आरोपियों दोषियों को दी गई दोष सिद्ध और सजा की पुष्टि पहले ही कर दी है ।इसलिए शिकायतकर्ता सतीश जग्गी द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका निष् प्रभावी होने के कारण खारिज की जाती है। फैसले में कहा गया है कि आरोपी अमित जोगी जमानत पर हैं। उनकी जमानत आज से 3 सप्ताह की अवधि तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान उन्हें संबंधित ट्रायल कोर्ट के समक्ष आत्मसमर्पण करना होगा। ऐसा न करने पर ट्रायल कोर्ट उन्हें हिरासत में ले लेगा और इस न्यायालय द्वारा दी गई सजा को पूरा करने के लिए उन्हें जेल भेज देगा। रजिस्ट्री को निर्देश दिया जाता है कि वह इस फैसले की एक प्रति आरोपी अमित जोगी उर्फ अमित ऐश्वर्या योगी को भेजें और उन्हें सूचित करें कि उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष इस फैसले को चुनौती देने का अधिकार है।

## नेतन्याहू के सामने नई मुसीबत, ईरान जंग के बीच पाताल लोक से बाहर निकला हमास

एजेंसी, गाजा सिटी



इजरायल के उन दावों को बड़ा झटका लगा है जिनमें हमास की शक्ति को पूरी तरह समाप्त करने की बात कही गई थी। हमास के सशस्त्र विंग इज्जुद्दीन अल-कसम ब्रिगेड्स के प्रवक्ता अबू ओबैदा ने एक टेलीविजन बयान जारी कर स्पष्ट कर दिया है कि संगठन हथियार डालने की किसी भी शर्त को स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित 20 सूत्रीय शांति योजना में शामिल निशस्त्रीकरण की शर्त को सीधे तौर पर खारिज करते हुए इसे फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ नरसंहार जारी रखने की एक खतरनाक साजिश करार दिया है। ओबैदा ने जोर देकर कहा कि जब तक इजरायल गाजा पट्टी से अपनी सेना पूरी तरह वापस नहीं बुलाता, तब तक हथियारों के मुद्दे पर कोई चर्चा संभव नहीं है। उन्होंने मध्यस्थ देशों से अपील की कि वे पहले शांति योजना के उस चरण को लागू करवाएं जिसमें इजरायल की पूर्ण वापसी का प्रावधान है। हमास का यह कड़ा रुख ऐसे समय में सामने आया है जब इजरायल और अमेरिका लगातार यह प्रचार कर रहे थे कि हमास की सैन्य क्षमता और कमान पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। करीब 30 महीनों से जारी इस भीषण युद्ध के बावजूद हमास का यह बयान दर्शाता है कि संगठन अभी भी सक्रिय है और अपनी शर्तों पर कायम है।

अबू ओबैदा ने अपने संबोधन में गाजा में हुए मानवीय नुकसान का भी जिक्र किया। आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2023 से अब तक इजरायली हमलों में 72,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं और पौने दो लाख के करीब घायल हुए हैं। हमास प्रवक्ता ने हाल के सीजफायर के दौरान भी हुए हमलों और इजरायल द्वारा फिलिस्तीनियों के लिए लाए गए मृत्युदंड के नए कानून की कड़ी निंदा की। उन्होंने वेस्ट बैंक के लोगों से इजरायली जेलों में बंद कैदियों को आजाद कराने के लिए संघर्ष तेज करने का आह्वान किया।

## बार-बार हताशा में कांग्रेस अब मतदाताओं को ही अपमानित करने लगी है

**एजेंसी, तिरुवंतपुरम** । केरल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले राजनीतिक पारा चढ़ गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इडुक्की की एक रैली में गुजरात के लोगों को लेकर एक टिप्पणी की जिसने विवाद का रूप ले लिया है। बीजेपी ने इसे गुजरात की अस्मिता और देश के महान सपूतों का अपमान करार देते हुए कांग्रेस पर हमला बोला। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को इडुक्की में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने केरल की साक्षरता की तुलना अन्य राज्यों से की। उन्होंने पीएम मोदी और सीएम पिनाराई विजयन पर निशाना साधते हुए कहा कि केरल के लोगों को गुमराह मत करो। वे बहुत समझदार और पढ़े-लिखे हैं। मोदीजी, विजयनजी, आप दोनों गुजरात या अन्य जगहों के उन लोगों को बेवकूफ़ बना सकते हैं जो अनपढ़ हैं, लेकिन आप केरल के लोगों को बेवकूफ़ नहीं बना सकते।

खड़गे के इस बयान के बाद बीजेपी ने तुरंत मोर्चा खोल दिया। गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने एक्स पर कांग्रेस अध्यक्ष को घेरा। संघवी ने कहा कि यह टिप्पणी गुजरात के छह करोड़ लोगों और महात्मा गांधी, सरदार पटेल व पीएम मोदी जैसे महापुरुषों का अपमान है।

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### विकास की राह पर संभलः चेयरमैन आसिया मुशीर अली खान के नेतृत्व में वार्ड 29 को मिली नई सड़क

**सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण, गुणवत्ता और तेजी पर विशेष जोर**

**लोकतंत्र की शान : सैय्यद कुमैल जैदी ,संभल** नगर पालिका परिषद क्षेत्र में शहर में चेयरमैन आसिया मुशीर अली खान के कुशल नेतृत्व में विकास कार्यों की नई मिसाल कायम हो रही है। वार्ड नंबर 29, चमन सराय में चल रहा सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र की बदलती तस्वीर को बयां कर रहा है, जहां तेजी के साथ उच्च गुणवत्ता में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में भाई चौधरी मुबाशिर खान ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान चौधरी मुबाशिर खान ने चेयरमैन आसिया मुशीर अली खान की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संभल शहर में अभूतपूर्व विकास हो रहा है। सड़क, रोशनी और अन्य मूलभूत सुविधाओं में लगातार सुधार हो रहा है, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। स्थानीय लोगों ने भी सड़क निर्माण कार्य को लेकर संतोष व्यक्त किया और कहा कि इससे आवागमन में काफी सुविधा होगी। क्षेत्रवासियों ने चेयरमैन के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज चमन सराय क्षेत्र एक नई पहचान के साथ उभर रहा है। संभल में विकास की यह गति यह दर्शाती है कि चेयरमैन आसिया मुशीर अली खान का नेतृत्व शहर को निरंतर प्रगति की ओर ले जा रहा है और आने वाले समय में संभल एक विकसित शहर के रूप में स्थापित होगा।



### नगर पंचायत सिरसी में नवनियुक्त सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न, विकास को मिलेगी नई गति

**लोकतंत्र की शान : सैय्यद कुमैल जैदी , संभल**/नगर पंचायत सिरसी में शासन द्वारा नामित सदस्यों के शपथ ग्रहण का भव्य कार्यक्रम दिनांक 06 अप्रैल 2026 को नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कु.निधि पटेल उपजिलाधिकारी, संभल द्वारा क.वंदना वाल्मीकि, विजय गुप्ता एवं अनिल कुमार श्रीमाली को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह उर्फ रिक्कू भैया ने कहा कि नगर पंचायत में योग्य एवं समर्पित सदस्यों के शामिल होने से क्षेत्र के विकास कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी। उन्होंने सरकार की जनहितकारी नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार नगर निकायों के माध्यम से विकास की नई इबारत लिख रही है। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष कौसर अब्बास की विशेष भूमिका और नेतृत्व की जमकर सराहना की गई। उनके कुशल मार्गदर्शन में सिरसी नगर में लगातार विकास कार्यों को गति मिल रही है, जिससे क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। अध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि सभी नव नियुक्त सदस्यों के सहयोग से नगर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने की दिशा में और तेजी से कार्य किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी विकास चन्द्र डिप्टी कलेक्टर एवं जिला प्रशासन की कार्यशैली की भी प्रशंसा की गई। अधिकारियों की पारदर्शी एवं सक्रिय कार्यप्रणाली के चलते नगर पंचायत में योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, पूर्व जिलाध्यक्ष भीष्म कुमार शर्मा, लोकसभा संयोजक पंकज गुप्ता,मंडल अध्यक्ष राज बहादुर पासी,पूर्व मंडल अध्यक्ष विनय चौधरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं नगर पंचायत के सदस्य और कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन नगर के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण के संकल्प के साथ अध्यक्ष कौसर अब्बास ने किया।



### स्वतंत्रता सेनानी, भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री की जयंती कांग्रेस कार्यालय उत्तर प्रदेश मे मनाई गई

**लोकतंत्र की शान : लखनऊ से अब्दुल्लाह खान की रिपोर्ट** ,भारत के पूर्व उप-प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती की पूर्व संध्या पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वर्गीय जगजीवन राम की पुत्री एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती मीरा कुमार, और मुख्य वक्ता के रूप में ए आई सीसी प्रवक्ता प्रो. रतन लाल रहे कार्यक्रम को कांग्रेस के बड़े लीडरो पूर्व राज्य सभा सांसद पी एल पुनिया समेत बड़े नेताओं ने देश के लिए जगजीवन राम और कांग्रेस के योगदान पर चर्चा कर कार्यक्रम को संबोधित किया इस मौके पर कांग्रेस नेता शमशुल हसन उमरा ने सभी नेताओं का स्वागत किया और सभी साथ आए हुवे कांग्रेस के तमाम ज़िलें के पदाधिकारियों से मिलकर उन्हें कांग्रेस के लिए सच्ची निष्ठा और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया इस मौके पर सीतापुर जिला अध्यक्ष ममता वर्मा, अजय दूवेदी एडवोकेट, तारिक खान एडवोकेट,अय्यूब सभासद,अख्तर मालिक,शाहनवाज़ खान ! मसूद अहमद,रेहान गनी ,हुस्न आरा अप्पी, ,आरिफा महिला नेता, शमसुल हसन उमरा, प्रदेश उपाध्यक्ष,सलमान क़ादिर,अनीस अख्तर मोदी,हुमायूँ बेग असीम मुन्ना,उमैर खान, राहुल रस्तोगी, संतोष, राजेश सिद्धार्थ प्रदेश नेता किसान कांग्रेस,इस्लाम सलमानी, मुजहिद हुसैन, अशोक, राजकुमार रावत समेत बडी संख्या मे मौजूद रहे





### रामपुरः नैनीताल रोड पर महिला पुलिस कांस्टेबल की हत्या का खुलासा, पति ही निकला कातिल

**लोकतंत्र की शान : मंडल प्रभारी अवनीत कुमार शर्मा, रामपुर।** नैनीताल रोड पर मिली महिला पुलिस कांस्टेबल की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस जांच में महिला कांस्टेबल का कातिल उसका पति ही निकला, जिसने वारदात को हादसा और लूट का रूप देने की कोशिश की थी। इस पूरे मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक दीक्षा के निर्देशन में एसपी समेंद्र मीणा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया। पुलिस अधीक्षक समेंद्र मीणा ने बताया कि नैनीताल रोड क्षेत्र में महिला पुलिस कांस्टेबल का शव मिलने के बाद पुलिस ने गंभीरता से जांच शुरू की थी। शुरुआती जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा था, जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल और मृतका के परिजनों से पूछताछ की। जांच के दौरान पुलिस को कई अहम सुराग मिले, जिससे मृतका के पति पर शक गहराया। पूछताछ में पति ने पहले पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। एसपी समेंद्र मीणा ने बताया कि आरोपी पति ने घरेलू विवाद के चलते महिला कांस्टेबल की हत्या की और फिर शव को नैनीताल रोड पर फेंककर मामले को दुर्घटना जैसा दिखाने का प्रयास किया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है और हत्या में प्रयुक्त सामग्री व अन्य साक्ष्य भी बरामद किए जा रहे हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर सच्चाई सामने ला दी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में पूरे घटनाक्रम का विवरण साझा किया गया।


लता वर्तमान में श्रावस्ती जिले में तैनात थी।

# सीता ग्रुप का शिक्षा के उतथान के लिए महत्वपूर्ण स्थान

**लोकतंत्र की शान , अब्दुल्लाह खान**



**महमूदाबाद, सीतापुरः** लगातार दो वर्षों तक प्रदेश को टॉपर देने संस्था सीता ग्रुप आफ एजूकेशन द्वारा गरीब, जरूरतमंद मेधावियों के लिए उनकी बेहतर निश्शुल्क शिक्षा के लिए सुपर-40 योजना की प्रवेश परीक्षा विगत 31 मार्च को संपन्न हुई थी, जिसका परीक्षा छह अप्रैल को घोषित हो गया। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कक्षा छह, नौ और 11 के 40-40 विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का सम्मान समारोह कालेज के शास्त्री सभागार में सोमवार का सम्पन्न हुआ। योजना में चयनित सभी विद्यार्थियों का 12 तक निश्शुल्क पढ़ाई का जिम्मा सीता ग्रुप आफ एजूकेशन उठाएगा। सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने बताया कि जरूरमंद गरीब मेधावियों के लिए विद्यालय द्वारा शुरू की गयी सुपर-40 योजना के तहत सीतापुर सहित रेउसा, लहरपुर, सिधौली, तंबौर, हरगांव, सांडा सकरन तथा पड़ोसी जनपद बाराबंकी के भगौली, फतेहपुर, बेलहरा व जनपद लखीमपुर, हरदोई तथा लखनऊ के साथ कई अन्य जपनदों के 45 विद्यालयों के 718 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, जिसमें से 702 विद्यार्थी 31 मार्च को सम्पन्न हुयी परीक्षा में सम्मिलति हुये थे। सुपर-40 परीक्षा का परिणाम छह अप्रैल को जारी होने के पर कक्षा छह, नौ व कक्षा 11 में 40-40 विद्यार्थियों का चयन निशुल्क शिक्षण के लिए हुआ। कालेज के शास्त्री सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि विकास खंड पहला के पूर्व ब्लाक प्रमुख रामलाल यादव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक के जिला संघ चालक राजाराम यादव, कार्यक्रमाध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी अवधराम मौर्य नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सुरेश वर्मा, सीएचसी महमूदाबाद के अधीक्षक डॉ. आशीष वर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी अरुण वर्मा मुन्ना, आरजे वर्मा, पंकज जैन, प्रधान अनूप सूरज, डॉ. लोकपति वर्मा, एबीवीपी के विभाग संगठन मंत्री अजय प्रताप शुक्ल, जिला संगठन मंत्री अभिषेक ओझा ने सफल विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों का माल्यार्पण, बैज अलंकरण व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मान करते हुए बच्चों की सफलता पर बधाई दी गई। इस अवसर पर डिप्टी मैनेजर वागीश दिनकर वाजपेयी, मनोज श्रीवास्तव, रामानुज दीक्षित, उप प्रधानाचार्य नीरज वर्मा, अजंली वर्मा, शिवसेवक मिश्र, राकेश शुक्ल सहित सैकड़ो की संख्या में अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## जनता दर्शनः गोरखनाथ मंदिर में 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने

**लोकतंत्र की शान**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बेटियों के प्रति संवेदनशीलता का एक और उदाहरण सोमवार को जनता दर्शन में देखने को मिला। सीएम से मिलने पहुंची एक बेटी ने जब उन्हें बताया कि पैसों की दिक्कत के चलते वह अपनी फीस नहीं जमा कर पा रही है, मुख्यमंत्री ने अविलंब अधिकारियों को बिटिया की फीस जमा कराने का निर्देश दिया। सीएम ने गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को भी आश्वस्त किया कि वे उच्चीकृत अस्पताल से इस्टीमेट मंगवा लें, इलाज के खर्च में सरकार भरपूर मदद करेगी। सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री पहुंचे और एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। सीएम ने सभी को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का उचित, विधिसम्मत, समयबद्ध एवं संतुष्टिपरक निस्तारण कराया जाएगा।



मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में आए लोगों के प्रार्थना-पत्रों को संबंधित अधिकारियों को हस्तगत करते हुए इस संबंध में निर्देश भी जारी किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है। सरकार हर मुश्किल में आपके साथ खड़ी है। हर समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा।

## मिशन शक्ति 5.0ः थाना नखासा पुलिस ने ग्रामीण महिलाओं और बच्चों को किया जागरूक, सुरक्षा का दिया मजबूत संदेश

**लोकतंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी**



**संभल** मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना नखासा क्षेत्र में पुलिस टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत महिलाओं, बालिकाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। थाना प्रभारी संजीव बालियान के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने गांव-गांव पहुंचकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान मिशन शक्ति प्रभारी उप निरीक्षक राखी सिंह एवं आरक्षी आंचल की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। टीम ने बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में बेहद सरल और प्रभावी तरीके से समझाया, जिससे वे अपनी सुरक्षा को लेकर सजग रह सकें और किसी भी अनुचित व्यवहार की पहचान कर सकें। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को यह भी बताया गया कि किसी भी असहज स्थिति में वे बिना डर के अपने अभिभावकों, शिक्षकों या पुलिस से तुरंत संपर्क करें। वहीं महिलाओं को घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने, अपने अधिकारों की रक्षा करने और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में कानूनी सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों को उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें इनका अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए पुलिस टीम ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और ओटीपी शेयरिंग जैसे खतरों से बचने के उपाय भी विस्तार से बताए। जागरूकता अभियान के दौरान महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई, जिनमें महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। थाना नखासा पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान क्षेत्र में सुरक्षा और जागरूकता की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी संजीव बालियान, मिशन शक्ति प्रभारी राखी सिंह एवं आरक्षी आंचल के प्रयासों की खुलकर प्रशंसा की और इस अभियान को बेहद उपयोगी बताया।

## आतिशबाजी का प्रदर्शन संकटा देवी धाम के प्रसिद्ध वासंतिक नवरात्र पर चल रहे वार्षिक मेले के दौरान हुआ

**लोकतंत्र की शान ,अब्दुल्लाह खान ब्यूरो चीफ**




**महमूदाबाद, सीतापुरः** नगर के प्रसिद्ध मां संकटा देवी धाम में चल रहे 30 दिवसीय मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत प्रसिद्ध आल्हा गायिका नेहा सिंह का कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां संकटा देवी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ कलाकारों व अतिथियों का माल्यार्पण व स्मृतिचिन्ह भेंटकर किया गया। मां संकटा देवी धाम में चल रहे वार्षिक मेले के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत धाम के सांस्कृतिक मंच पर रायबरेली से आई प्रसिद्ध आल्हा गायिका नेहा सिंह ने अपने सहयोगी गायक विनोद सिंह, शहनाई वादक कल्लू हमीद, ढ़ोलक मास्टर होरीलाल व दंडमाल पर रमेश कुमार के साथ जब मंच पर पहुंची तो श्रोताओं ने जोरदार करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया। नेहा सिंह ने वीरोचित वेश-भूषा में पारांपरिक आल्हा गायन प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया। उन्होंने आल्हा-ऊदल के जीवन से जुड़े माड़ौ की लड़ाई, नरवलगढ़ की लड़ाई सुनाने के साथ उन्होंने देशभक्ति से परिपूर्ण मुक्तकों को आल्हा विधा में प्रस्तुत कर श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। देर रात तक चले आल्हा गायन कार्यक्रम में अशोक नाग, शिवदास पुरवार, ज्ञानेश मिश्र, महराज सिंह, सत्य नरायण पुरवार सहित बड़ी संख्या में श्रोताओं ने कार्यक्रम का आनंद लिया। अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन धाम समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां संकटा देवी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में पधारे रेउसा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अवधेश चौहान, चक्रसुदर्शन पांडेय, विजय तोमर सहित कलाकारों का माल्यार्पण व स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मान किया

## थाना हजरतनगर गढ़ी में मिशन शक्ति से महिलाओं में बढ़ रही आत्मनिर्भरता

**लोकतंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी**



**संवाददाता | संभल/सिरसीः** संभल जनपद के थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस की सक्रियता और संवेदनशील कार्यशैली ने जनता के बीच विश्वास को और मजबूत किया है। थाना प्रभारी सुधीर पवार के नेतृत्व एवं मिशन शक्ति प्रभारी उप निरीक्षक राश्मी मलिक की देखरेख में थाना पुलिस महिलाओं, बालिकाओं एवं आम नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान और न्याय सुनिश्चित करने के लिए लगातार सराहनीय कार्य कर रही है। थाना हजरतनगर गढ़ी पुलिस न केवल कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रही है, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी समझ को भी बढ़ावा दे रही है। पुलिस टीम द्वारा हर वर्ग के लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका निष्पक्ष और त्वरित समाधान किया जा रहा है।

**महिला हेल्प डेस्कः संवेदनशीलता और समाधान की मिसाल**-थाने में स्थापित महिला हेल्प डेस्क पर मिशन शक्ति प्रभारी उप निरीक्षक राश्मी मलिक महिलाओं की समस्याओं को अत्यंत संवेदनशीलता और धैर्य के साथ सुनती हैं। घरेलू विवाद, पारिवारिक मतभेद और अन्य सामाजिक मुद्दों में वे दोनों पक्षों को समझाकर आपसी सहमति से समाधान कराने का प्रयास करती हैं। उनकी कार्यशैली निष्पक्ष, मानवीय और संवाद-आधारित है, जिससे कई परिवारों में रिश्तों में सुधार और आपसी समझ विकसित हुई है।

**मिशन शक्ति के तहत जागरूकता अभियान तेज**-मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना पुलिस द्वारा स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इन कार्यक्रमों में महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकार, आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा और हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी जाती है। इससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ रहा है और वे अपनी सुरक्षा के प्रति अधिक सजग हो रही हैं।

**थाना प्रभारी सुधीर पवार का प्रभावी नेतृत्व**-थाना प्रभारी सुधीर पवार के कुशल नेतृत्व में थाना हजरतनगर गढ़ी पुलिस टीम पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ कार्य कर रही है। उनके मार्गदर्शन में पुलिसकर्मी जनता के साथ मित्रवत व्यवहार रखते हुए हर समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनका उद्देश्य स्पष्ट है—कानून का पालन, जनता की सुरक्षा और विश्वास का निर्माण।

**पुलिस-जनता के बीच मजबूत होता भरोसा**-थाने में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ सम्मानजनक व्यवहार और निष्पक्ष कार्रवाई थाना पुलिस की पहचान बन चुकी है। इससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा का भाव लगातार मजबूत हो रहा है।

**समापन**-मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना हजरतनगर गढ़ी पुलिस द्वारा किए जा रहे कार्य यह दर्शाते हैं कि पुलिस केवल कानून लागू करने वाली संस्था नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने, विवादों को सुलझाने और शांति बनाए रखने वाली एक सशक्त कड़ी है। उप निरीक्षक राश्मी मलिक और थाना प्रभारी सुधीर पवार के प्रयासों से यह थाना आज सेवा, सुरक्षा और संवेदनशीलता की मिसाल बनता जा रहा है।

## मंगल पूरा सराय तरीन में एलीट जूनियर हाई स्कूल का सम्मान समारोह, चौधरी मुशीर अली ख़ान की सराहनीय पहल

**लोकतंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी**

**सम्भल।** नगर के मंगल पूरा सराय तरीन क्षेत्र में स्थित एलीट जूनियर हाई स्कूल में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु मोमेंटो भेंट किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चौधरी मुशीर अली ख़ान (चेयरमैन पति, सम्भल) की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान शफीक बरकाती द्वारा बच्चों को मोमेंटो प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। अपने संबोधन में चौधरी मुशीर अली ख़ान ने कहा कि शिक्षा ही समाज की वास्तविक शक्ति है और एलीट जूनियर हाई स्कूल जैसे संस्थान क्षेत्र में शिक्षा का स्तर ऊंचा उठाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां बच्चों को न केवल शिक्षा दी जा रही है, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ की भी जमकर तारीफ की गई। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित होते हैं।



## रामपुर टांडा तहसील में लेखपाल रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान, मंडल प्रभारी अवनीत कुमार शर्मा**

**रामपुरः** जनपद की तहसील टांडा में तैनात लेखपाल शंभू कुमार को एंटी करप्शन टीम ने 5000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि लेखपाल शंभू कुमार किसी कार्य के बदले में पीड़ित से रिश्वत की मांग कर रहा था, जिसकी शिकायत पीड़ित ने एंटी करप्शन विभाग से की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एंटी करप्शन टीम ने पूरी योजना बनाकर कार्रवाई की और जैसे ही लेखपाल ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने मौके पर ही उसे पकड़ लिया। टीम ने आरोपी के पास से रिश्वत की रकम भी बरामद कर ली। कार्रवाई के बाद आरोपी लेखपाल को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस घटना के बाद तहसील परिसर में हड़कंप मच गया और सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। एंटी करप्शन टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है।



## नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन-4 का दूसरा सेमीफाइनल और फाइनल को ट्राफी देकर सम्मानित करते डॉ महमूद उर्फ भोलू कुरैशी

**» शानदार प्रदर्शन के साथ बैंक विभाग ने सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में दर्ज की जीत**

**लोकतंत्र की शान, ख़िज़र अहमद**

**नजीबाबाद।** नेशनल एंटी करप्शन सोल्जर ट्रस्ट द्वारा आयोजित नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन-4 क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांच अपने चरम पर देखने को मिला। सातवें दिन खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बैंक विभाग और तहसील टीम आमने-सामने रही, जिसमें बैंक टीम ने शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मैच में बैंक विभाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाए। जवाब में तहसील टीम 14.3 ओवर में 119 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। बैंक टीम की ओर से सुशील ने 29 गेंदों में 65 रन की शानदार पारी खेली, जबकि सायम ने 25 गेंदों में 38 रन बनाने के साथ 4 विकेट लेकर ऑलराउंड प्रदर्शन किया। सायम को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं तहसील टीम के जैकी कुमार ने 22 गेंदों में 36 रन बनाए और उन्हें फाइटर ऑफ द मैच दिया गया। इसके बाद फाइनल मुकाबला बैंक विभाग और रोडवेज टीम के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रगान भी प्रस्तुत किया गया। फाइनल में रोडवेज टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.3 ओवर में 131 रन बनाए। टीम की ओर से रविंद्र कुमार ने 19 गेंदों में 32 रन बनाए और एक विकेट भी लिया। जवाब में बैंक टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 12.2 ओवर में 4 विकेट खोकर 132 रन बनाकर मैच जीत लिया। मोंटी ने 30 गेंदों में 71 रन की तूफानी पारी खेली और एक विकेट भी लिया, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। रोडवेज टीम के रविंद्र कुमार को फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज का खिताब मो. सायम खान को मिला। बेस्ट बॉलर कृष्णा, बेस्ट बैट्समैन मोंटी, बेस्ट फील्डर हरसिंह और बेस्ट विकेटकीपर मो. दानिश रहे। मैच में अंपायर की भूमिका फाजिल अली और संतोष कुमार ने निभाई, जबकि सुखदेव सिंह और मोहम्मद अहसान ने शानदार कमेंट्री की। स्कोरिंग रितेश द्वारा की गई। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि डॉक्टर महमूद अहमद ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग और खेल प्रेमी मौजूद रहे। टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण यूट्यूब के जीटी स्पोर्ट्स टीवी चैनल पर किया गया।



## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के 6 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट, आंधी के साथ ओले गिरने की भी संभावना

**लोकतंत्र की शान : पटना।** बिहार में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। मौसम विभाग ने आज यानी सोमवार को राज्य के 6 जिलों में बारिश और आंधी को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में अगले 24 घंटे के दौरान तेज हवा, गरज-चमक के साथ बारिश और कहीं-कहीं ओला गिरने की भी संभावना जताई गई है। वहीं, इन 6 जिलों को छोड़कर बिहार के बाकी हिस्सों में मौसम सामान्य बना रहेगा। अधिकांश जिलों में आसमान साफ रहेगा, तेज धूप निकलेगी और तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। दिन के समय गर्मी का असर अधिक महसूस होगा, जिससे



लोगों को उमस और तपिश का सामना करना पड़ सकता है। खासकर दोपहर के समय गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर सकती हैं। वहीं रविवार रात खगड़िया और शेखपुरा में बारिश हुई, जबकि नालंदा में काले बादल छाए। अगले 3 दिनों तक पारा 38-40 डिग्री के नीचे रहने के आसार हैं। पश्चिम बंगाल से तेलंगाना तक फैली ट्रफ लाइन के कारण बिहार में नमी आ रही है। अगले 3 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आएगी। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 4 से 5 दिनों तक बिहार में मौसम का यही मिलाजुला रूप देखने को मिलेगा। कुछ जिलों में आंशिक बादल, हल्की बारिश और तेज हवा चल सकती है, जबकि बाकी क्षेत्रों में गर्मी का असर लगातार बढ़ेगा। तापमान सामान्य से 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक ऊपर जा सकता है। हालांकि, बीच-बीच में होने वाली बारिश और आंधी से थोड़ी राहत जरूर मिलेगी, लेकिन यह राहत ज्यादा समय तक टिकने वाली नहीं होगी।

### जलती चिता से महिला की लाश उठा ले गई पुलिस, परिजन बोले- ससुराल वालों ने पहले पेट्रोल डालकर जलाया

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली में एक महिला की लाश जलती चिता बुझाकर पुलिस ले गई। मृत महिला के घर वालों का आरोप है कि उनकी बेटी को ससुराल वालों ने पहले जिंदा जलाने की कोशिश की गई। वो बच गई तो अस्पताल में जहर का इंजेक्शन दिलवाकर मार दिया गया। फिर गंडक नदी के किनारे आनन-फानन में उसका अंतिम संस्कार किया जा रहा था, तभी मायके वाले पुलिस को लेकर पहुंच गए। पुलिस ने जलती चिता को



कब्जे में लिया, लेकिन सिर्फ हड्डियां बचीं थीं। मृतका की पहचान खुशबू कुमारी (20) के रूप में हुई है। घटना लालगंज थाना क्षेत्र के पिरापुर गांव की है। मायके वालों ने पति, सास-ससुर, देवर समेत 7 के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने ससुर को श्मशान घाट से ही गिरफ्तार कर लिया है। खुशबू की शादी करीब दो साल पहले हिंदू रीति-रिवाज से पिरापुर के रवि कुमार से हुई थी। खुशबू के भाई रोशन कुमार ने बताया कि शादी के शुरुआती समय में सब कुछ सामान्य था, लेकिन कुछ समय बाद ससुराल पक्ष ने दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसे जान से मारने और शव गायब करने की धमकी दी जाती थी। मृतका के भाई और मां ने आरोप लगाया कि 19 मार्च को दहेज के लिए बेटी के साथ मारपीट की, फिर बाइक से पेट्रोल निकालकर खुशबू के ऊपर डाल दिया। इसके बाद आग लगा दी। वारदात के बाद ससुराल पक्ष ने घटना को छिपाने के लिए उसे हाजीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। खुशबू के भाई का आरोप है, 'ससुराल वालों ने इलाज के दौरान जहर का इंजेक्शन दिलवाकर मेरी बेटी की हत्या कर दी। इसके बाद बिना मायके वालों को सूचना दिए गंडक नदी के किनारे शव का अंतिम संस्कार शुरू कर दिया गया। हमलोगों को खबर मिली तो हमने इसकी सूचना पुलिस को दी। जैसे ही हमलोग पहुंचे ही ससुरालवाले अधजला शव छोड़कर फरार हो गए।'

### चोरी के शक में 2 युवकों को करंट देकर पीटा, वैशाली के मुर्गी फार्म-भट्ठे पर पिटाई

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र के चकसिकंदर कल्याणपुर में चोरी के आरोप में दो युवकों को घर से उठाकर बेरहमी से पीटा गया। पीड़ितों को बंधक बनाकर मुर्गी फार्म और चिमनी भट्ठे पर ले जाकर मारपीट की गई, साथ ही उन्हें करंट भी लगाया गया। पुलिस ने एक बार उन्हें बचाया था, लेकिन बाद में आरोपियों ने फिर पकड़कर यातना दी। घायल विपिन कुमार की मां मुन्नी देवी ने बताया कि उनका बेटा गेहूं का बोझा लेकर घर आया था कि लाल बहादुर के बेटे सोनू ने उसे जबरन गाड़ी में बैठाकर ले जाना शुरू कर दिया। जब मुन्नी देवी ने विरोध किया तो उन्हें भी साथ चलने को कहा गया। वहां करीब दो हजार लोग मौजूद थे, जिन्होंने विपिन पर चोरी का आरोप लगाया। मुन्नी देवी ने अपने बेटे को निर्दोष बताया, लेकिन सोनू की मां ने उनके साथ गाली-गलौज



और धक्का-मुक्की की। इसके बाद विपिन के साथ मारपीट शुरू हो गई। उसे पहले मुर्गी फार्म ले जाया गया और फिर चिमनी भट्ठे पर ले जाकर पीटा गया। विपिन कुमार ने बताया कि चंदन कुमार और सोनू कुमार ने उसे जबरन घर से उठाया और बिना किसी कसूर के बेरहमी से पीटा। दूसरे घायल इंद्रजीत कुमार ने बताया कि सुबह जब वह उठे तो राजेश कुमार और सोनू कुमार उन्हें किसी काम के बहाने घर से ले गए। इंद्रजीत को इस बात का अंदाजा नहीं था कि वे उसे ले जाकर मारपीट करेंगे। कुछ आरोपी उनके रिश्तेदार थे और कुछ पड़ोसी व परिवार के सदस्य। उसे ले जाते ही मारपीट शुरू कर दी गई। जब स्थानीय लोग जमा होने लगे, तो राजेश कुमार और सोनू कुमार ने उसे बोलेरो में बंद कर पानी टंकी के पास ले गए। वहां लाठी-डंडों से उसकी पिटाई की गई। पानी टंकी के पास खेत में गेहूं काट रहे लोगों ने घटना का वीडियो बनाना शुरू कर दिया, जिसके बाद आरोपी उसे मुर्गी फार्म के पास ले गए। खेत में काम कर रहे लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इंद्रजीत को बचाया। पुलिस ने इंद्रजीत का बयान लेने के बाद उसे घर जाने दिया। हालांकि, इसके बाद आरोपियों ने उसे फिर से पकड़ लिया और करंट लगाकर बेरहमी से पीटा।

### पटना यूनिवर्सिटी में एंट्रेंस एग्जाम के आधार पर मिलेगा एडमिशन, पीयू एकेडमिक काउंसिल की बैठक

**लोकतंत्र की शान : पटना।** पटना यूनिवर्सिटी में इस बार नए सत्र के स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों में एडमिशन एंट्रेंस एग्जाम के आधार पर होगा। आज यूनिवर्सिटी में एकेडमिक काउंसिल की बैठक है, जिसमें अंतिम मुहर लगेगी। बिहार बोर्ड ने 12वीं परीक्षा रिजल्ट जारी कर दिया है। सीबीएसई बोर्ड भी जल्द ही 12वीं का परिणाम घोषित करेगा। इसके देखते हुए यूनिवर्सिटी प्रशासन 15 अप्रैल के बाद यूजी लेवल के सामान्य और वोकेशनल सहित सभी पाठ्यक्रमों में नामांकन प्रक्रिया शुरू कर सकता है। पीयू ने एंट्रेंस एग्जाम शुरू करने के लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन ने राजभवन से अनुमति मांगी थी, जिस पर सहमति मिल गई है। इस बार नामांकन समर्थ पोर्टल के माध्यम से होगा। विद्यार्थी समर्थ पोर्टल पर ही ऑनलाइन आवेदन करेंगे और ऑनलाइन ही शुल्क जमा करेंगे। समर्थ पोर्टल पर ही कॉलेज का विकल्प भरेंगे। पटना यूनिवर्सिटी में अब तक यूजी में नामांकन अंक के आधार पर हुआ करता था। 2019 से पहले यूजी में नामांकन प्रवेश परीक्षा ली जाती थी। कोरोना काल के बाद में प्रवेश परीक्षा बंद कर दी गई थी। वहीं, पीजी के सामान्य कोर्स में अंक और वोकेशनल कोर्स में प्रवेश परीक्षा के आधार पर नामांकन लिया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया जून के अंतिम सप्ताह तक पूरा कर लिया जाएगा। जुलाई के प्रथम सप्ताह में नए सत्र की पढ़ाई प्रारंभ हो जाएगी। विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू प्रो. कामेश्वर पंडित ने बताया कि, 'सोमवार को एकेडमिक काउंसिल की बैठक में नामांकन प्रक्रिया पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। नामांकन कैलेंडर तैयार कर लिया गया है।'

# जिले में एलपीजी आपूर्ति सामान्य, होम डिलीवरी व्यवस्था सुदृढ़: प्रशासन

लोकतंत्र की शान

**सहरसा, मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** समाहरणालय परिसर स्थित जिला जनसंपर्क कार्यालय में सोमवार को आयोजित दैनिक मीडिया ब्रीफिंग में जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति एवं वितरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले में एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। जिले में इंडियन ऑयल (IOCL), एचपीसीएल (HPCL) एवं बीपीसीएल (BPCL) की कुल 37 गैस एजेंसियों (IOCL-18, HPCL-09, BPCL-10) के माध्यम से नियमित रूप से होम डिलीवरी की जा रही है। 06 अप्रैल 2026 को जिले में 9348 भरे हुए घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं, जबकि 05 अप्रैल को 4464 सिलेंडरों की बिक्री दर्ज की गई। पिछले 60 दिनों में औसत बिक्री 5116 रही है। जिला प्रशासन द्वारा सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि उपभोक्ताओं को एलपीजी



सिलेंडर केवल होम डिलीवरी के माध्यम से ही उपलब्ध कराया जाए। इसकी निगरानी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों द्वारा लगातार की जा रही है। साथ ही उपभोक्ताओं से समय पर गैस बुकिंग कराने की अपील की गई है, ताकि आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा न हो। प्रशासन ने एलपीजी की कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर कड़ी नजर रखते हुए अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। इसके अतिरिक्त पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) को अधिक सुरक्षित एवं किफायती बताते हुए आम नागरिकों से इसके अधिकाधिक उपयोग एवं निबंधन कराने की अपील की गई है। जिले में लगभग 65 किलोमीटर क्षेत्र में पीएनजी कनेक्शन का कार्य पूरा हो चुका है तथा शेष क्षेत्रों में कार्य प्रगति पर है। एलपीजी से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए जिला नियंत्रण कक्ष (दूरभाषः 06478-222753) निरंतर कार्यरत है। 05 अप्रैल 2026 तक कुल 359 शिकायतों का निष्पादन किया जा चुका है। जिला प्रशासन ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग एवं जागरूकता बनाए रखने की अपील की है, ताकि आपूर्ति व्यवस्था सुचारू एवं पारदर्शी बनी रहे।

## जनता संवाद में 36 आवेदनों की सुनवाई, समयबद्ध निष्पादन के निर्देश



लोकतंत्र की शान

**सहरसा, मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** "सबका सम्मान–जीवन आसान" कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी श्री दीपेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित जनता से संवाद कार्यक्रम में कुल 36 आवेदनों की सुनवाई की गई। यह कार्यक्रम सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। प्राप्त आवेदनों में भूमि विवाद, नापी, पेंशन, आपसी विवाद सहित अन्य विषयों से संबंधित मामले शामिल थे। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित कार्यालयों को प्राप्त आवेदनों के सम्यक एवं समयबद्ध निष्पादन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए, ताकि आम लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर अपर समाहर्ता श्री निशांत, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रयागराज हादसे के मृतकों के आश्रितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता राशि प्रदान

लोकतंत्र की शान

**सहरसा, मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** जिलाधिकारी श्री दीपेश कुमार द्वारा सोमवार को प्रयागराज जिले के सोरांव तहसील अंतर्गत ग्राम चंदापुर में स्थित आदर्श कोल्ड स्टोरेज की दीवार गिरने से हुई दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से अनुग्रह अनुदान प्रदान किया गया। दुर्घटना में मृतक ज्योतिष कुमार, सनोज चौधरी उर्फ विलट चौधरी एवं मसिंदर सादा (सभी सलखुआ निवासी) के आश्रितों—रीता देवी (पत्नी), मुन्नी देवी (पत्नी) एवं फूलों देवी (माता) को प्रत्येक परिवार को दो-दो लाख रुपये की सहायता राशि चेक के माध्यम से दी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव सहायता प्रदान करने की प्रतिबद्धता



जताई। साथ ही अंचलाधिकारी सलखुआ को आश्रित परिवारों को तात्कालिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) श्री संजीव कुमार चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी (सिमरी बख्तियारपुर) श्री आलोक रॉय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीएम के प्रोग्राम में हंगामा करने वाले 2 गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान, पटना

पटना में 30 मार्च 2026 को नए प्रशासनिक और शैक्षणिक भवन( कला संकाय) के उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना यूनिवर्सिटी के कैंपस में पहुंचे थे। इसी दौरान पीयू कैंपस के अंदर छात्रों ने उपमुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री के विरोध में नारेबाजी की थी। पुलिस का आरोप है कि इस दौरान छात्रों ने पुलिस के काम में बाधा डाला। पुलिस कर्मियों के साथ बदतमीजी की और हाथापाई हुई। इस दौरान गो बैक के नारे भी लगाए गए। इस मामले में पटना पुलिस ने अनुराग कुमार को नौबतपुर और वर्तमान काउंसलर मोहम्मद एहसानुल्लाह (इकबाल छात्रावास ) अशोक राजपथ से अरेस्ट किया गया है। पुलिस की पूछताछ में अनुराग ने खुद को पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष बताया है।

**6 नामजद समेत 30 अज्ञात पर केस दर्जः** पटना यूनिवर्सिटी के वर्तमान छात्र संघ के अध्यक्ष शांतनु शेखर समेत 6 छात्रों को नामजद आरोपी बनाया गया था। इनके अलावा 30 अज्ञात छात्रों के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया था। पुलिस के मुताबिक, शांतनु शेखर फरार चल रहे हैं। पिरबहोर के थानेदार सज्जाद गद्दी ने बताया कि, 'अभी 2 लोगों को अरेस्ट करके न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इनके अलावा अन्य दूसरे लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। सभी आरोपी फरार चल रहे हैं।'

आमंत्रण नहीं मिलने से नाराज थे छात्रः प्राथमिक




की प्रखंड पंचायत राज्य पदाधिकारी वीरेंद्र चौधरी की ओर से दर्ज कराई गई थी। आवेदन के मुताबिक, कार्यक्रम स्थल पर लगभग 2:30 बजे ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी दौरान 15 से 20 की संख्या में वहां पर छात्र पहुंचे। हल्ला हंगामा करने के साथ विधि व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया। छात्रों को उन्होंने रोकने का प्रयास किया गया तो छात्र कहने लगे पटना यूनिवर्सिटी के छात्र हैं। उन्हें और कुलपति को नए भवन के उद्घाटन में आमंत्रण पत्र नहीं मिला है। साथ ही शीलापट पर कुलपति का नाम अंकित नहीं है। इसी बात को लेकर उग्र थे। आरोप है कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में विधि व्यवस्था भंग किया गया। मजिस्ट्रेट के साथ बदतमीजी की गई। जिसमें पुलिसकर्मियों को भी चोटें आई।

# खगौल में 22 करोड़ का सोना लूटकांड, एम्स-नौबतपुर रोड पर मिला खाली बैग

लोकतंत्र की शान, पटना

पटना के खगौल थाना क्षेत्र में गुजरात के व्यापारी से लूटे गए करीब 15 किलो सोने के मामले में पुलिस को अहम सुराग मिला है। रविवार देर रात एम्स-नौबतपुर मार्ग से दो खाली बैग बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, इन्हीं बैगों में करीब 14 किलो 954 ग्राम सोने के जेवर रखे गए थे, जिन्हें बदमाशों ने खुद को कस्टम अधिकारी बताकर लूट लिया था। बरामद बैग नीले और लाल रंग के हैं। मौके पर फोरेंसिक साइंस लैब की टीम पहुंची और बैगों की जांच शुरू की। फिंगरप्रिंट के जरिए अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।



**GPS लगे होने के शक पर बैग फेंकाः** पुलिस का मानना है कि अपराधियों ने साक्ष्य मिटाने के लिए लूट में इस्तेमाल गाड़ियों को भी रास्ते में छोड़ दिया। वहीं, सोना ले जाने वाले बैग को एम्स-नौबतपुर रोड किनारे फेंक दिया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि बैग में GPS डिवाइस लगा हो सकता था। आशंका है कि अपराधियों को इसकी जानकारी थी, इसलिए उन्होंने बैग फेंक दिया ताकि उनकी लोकेशन ट्रैक न हो सके।

**इनसाइडर की भूमिका पर सवालः** जांच का सबसे बड़ा सवाल यह है कि गुजरात के राजकोट से आए व्यापारियों की हर गतिविधि की जानकारी अपराधियों को कैसे मिल रही थी। दानापुर

◆ **चच जीपीएस एंगल पर जांच, कई टीमों की छापेमारी जारी**

स्टेशन पर उतरते ही उनकी पहचान किसने कराई, इस 'इनसाइडर' की तलाश भी तेज कर दी गई है।

**कई टीमों की छापेमारी जारीः** पुलिस ने अलग-अलग टीमें गठित कर बिहार और अन्य राज्यों में ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस की नजर बेउर जेल में बंद कुख्यात अपराधियों पर भी है, जो पहले भी बड़ी लूट की वारदातों में शामिल रहे हैं। खगौल थाना प्रभारी रंजन कुमार ने बताया कि, 'अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास जारी हैं और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।'

## मॉडल सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश



लोकतंत्र की शान

**सहरसा, मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** जिलाधिकारी श्री दीपेश कुमार ने सोमवार को मॉडल सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण कर चिकित्सीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में आए मरीजों से बातचीत कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक मरीज को आवश्यकतानुसार समुचित चिकित्सा एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। दवा भंडार का निरीक्षण करते हुए उन्होंने दवाओं की उपलब्धता की समीक्षा की और चिकित्सकों की सलाह के अनुसार मरीजों को निर्धारित मात्रा में दवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी जांच की गई। जिलाधिकारी ने इन सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता श्री निशांत, वरीय उप समाहर्ता श्री राजू कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पटना में लगेगी 25 हजार नई स्मार्ट स्ट्रीट लाइट

लोकतंत्र की शान, पटना

पटना की सड़कें अब अत्याधुनिक तकनीक के स्ट्रीट लाइट से लैस होगी। पटना नगर निगम क्षेत्र में लगभग 25 हजार नई इंटरनेट आफ थिंग्स (IoT) तकनीक से लैस स्मार्ट स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएगी। ये स्मार्ट लाइटें सेंसर के जरिए खुद शाम होते ही जलेंगी और सुबह बंद हो जाएंगी। इससे बिजली की खपत में कमी आएगी और एनर्जी एफिशिएंसी में भी सुधार होगा। इस पूरे नेटवर्क की निगरानी एक सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम से की जाएगी, जिससे किसी भी खराबी का तुरंत पता लगाकर समय पर मरम्मत सुनिश्चित की जा सके।

इन सभी स्ट्रीट लाइटों के मेंटेनेंस, आटोमेशन और सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल मॉनिटरिंग सिस्टम की स्थापना के लिए एजेंसी चयन की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है। नगर निगम के



सशक्त स्थायी समिति की बैठक में इसपर फैसला लिया गया था। इसी के मद्देनजर एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (EESL) द्वारा 30 अप्रैल तक ही नगर निगम क्षेत्र में लगी सभी स्ट्रीट लाइटों का मेंटेनेंस का काम किया जाएगा। अभी फिलहाल निगम क्षेत्र में करीब 82 हजार स्ट्रीट लाइटें लगी हैं, जिनकी क्षमता 35 वाट से 140 वाट तक है। नई व्यवस्था के तहत शहर में पहले स्थापित 82 हजार स्ट्रीट लाइटों को IOT तकनीक से अपग्रेड किया जाएगा।

# बिहार को मिलेगा एक करोड़ रोजगार

## दिलीप जायसवाल बोले- इस दिशा में काम चल रहा, उद्योग में 50 लाख करोड़ निवेश का लक्ष्य

लोकतंत्र की शान, पटना

पटना में मंत्री दिलीप जायसवाल ने 2025-26 की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि बिहार सरकार का लक्ष्य राज्य को औद्योगिक रूप से मजबूत बनाना और युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार देना है। उन्होंने बताया, विधानसभा चुनाव के दौरान एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया गया था, जिसे पूरा करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है।

**औद्योगिक विकास को मिली रफ्तारः** मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में औद्योगिक विकास निरंतर गति पकड़ रहा है। निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। राज्य में बड़े स्तर पर उद्योग लगाने का माहौल तैयार हुआ है। सरकार का विजन समृद्ध उद्योग, सशक्त बिहार है, जिसके तहत 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य रखा गया है।

**इंफ्रास्ट्रक्चर और पावर पर फोकसः** उद्योगों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी और बिजली सबसे जरूरी है। इस दिशा में सरकार एक्सप्रेसवे, औद्योगिक कॉरिडोर, एयर कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक नेटवर्क को मजबूत कर रही है। बक्सर



में 2400 मेगावाट का पावर प्लांट और औरंगाबाद में NTPC परियोजना से उद्योगों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध होगी।

**बड़े निवेश और कंपनियों की एंट्रीः** हाल ही में बक्सर में कोका-कोला और जेके सुपर सीमेंट की फैक्ट्री का उद्घाटन हुआ है। इसके अलावा रिलायंस, अदाणी, मदर डेयरी, आदित्य बिड़ला और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी बड़ी कंपनियां भी बिहार में निवेश के लिए आगे आ रही हैं। 2026 में 747 निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जिनकी कुल राशि 17,217 करोड़ रुपये से अधिक है।

**MSME और उद्यमियों को बढ़ावाः** सरकार ने MSME निदेशालय का गठन किया है, ताकि छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा मिल सके। साथ ही बिहार राज्य विपणन प्राधिकरण" बनाया गया है, जिससे ग्रामीण और कुटीर उद्योगों के उत्पाद को वैश्विक बाजार मिल सके।

**नई नीतियां और सुधारः** बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति 2025 और सेमीकंडक्टर नीति 2026 लागू की गई है। इसका उद्देश्य बिहार को पूर्वी भारत का औद्योगिक हब बनाना है। साथ ही 'जन विश्वास अधिनियम' के तहत व्यापारियों को कानूनी राहत दी गई है।

**रोजगार और नई परियोजनाएंः** राज्य में इलेक्ट्रॉनिक सिटी, औद्योगिक पार्क और महिला छात्रावास जैसी योजनाएं शुरू हो रही हैं। 404 एकड़ भूमि आवंटन से 5500 करोड़ निवेश और 22,500 रोजगार की संभावना बनी है। इसके अलावा 24 जिलों में 13,345 एकड़ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। मंत्री ने कहा कि बिहार अब तेजी से औद्योगिक विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में यह देश का प्रमुख निवेश केंद्र बनेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नारनौलः सड़क हादसे में सब्जी विक्रेता की मौत

**लोकतंत्र की शान : नारनौल।** महेंद्रगढ़ में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब युवक रोज की तरह अपना काम खत्म कर घर लौट रहा था। अज्ञात वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान नारनौल के गांव नूनी अव्वल निवासी 37 वर्षीय बंटी के रूप में हुई है। वह महेंद्रगढ़ शहर में कैंटीन के पास सब्जी की रेहड़ी लगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। रविवार रात भी वह रोजाना की तरह काम खत्म कर बाइक से अपने घर लौट रहा था। मृतक के पिता रामअवतार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब बंटी गुलावला बस अड्डे से पहले शनि मंदिर के पास पहुंचाए तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बंटी सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सदर थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### रेवाड़ी में कैंटर की टक्कर से युवक की मौत, साथी गंभीर घायल

**लोकतंत्र की शान : रेवाड़ी।** रेवाड़ी में दिल्ली-जयपुर हाईवे पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा असाही फ्लाईओवर के समीप उस समय हुआ, जब दोनों युवक बाइक पर सवार होकर हाईवे पार कर रहे थे। तेज रफ्तार कैंटर की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान बावल कस्बा निवासी करीब 26 वर्षीय शिवा के रूप में हुई है, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार सुधीर गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों युवक दिल्ली-जयपुर हाईवे से गुजर रहे थे और असाही फ्लाईओवर के पास डिवाइडर पार करने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहे कैंटर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। दोनों युवकों को बावल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने शिवा को मृत घोषित कर दिया। वहीं सुधीर की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रेवाड़ी के एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर कसौला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जिसे बाद में परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### अलग अलग सडक़ हादसों में तीन की मौत : दो घायल

**लोकतंत्र की शान : जोधपुर।** शहर और इसके आस पास हुए सडक़ हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि हादसे में दो घायल हुए है। संबंधित थाना पुलिस ने कार्रवाई के बाद शव परिजन को सुपुर्द किए है। करवड़ पुलिस ने बताया कि सिंधियों की ढाणी माणकलाव निवासी रामजान खां पुत्र मेहबूब खां की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि 4 अप्रेल की रात उसका भाई अजीज खां, परिचित इदरिश एवं जमालुद्दीन खां ट्रेक्टर ट्रॉली में चारा भरकर माणकलाव की तरफ आ रहे थे। रात दस बजे माणकलाव के पास में ही उनकी ट्रेक्टर ट्रॉली को पीछे से आए एक ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में तीन ट्रेक्टर ट्रॉली से गिर गए। इसमें उसके भाई अजीज खां की मौत हो गई। इदरिश एवं जमालुद्दीन का उपचार चल रहा है। करवड़ पुलिस ने मामला दर्ज कर अब जांच आरंभ की है। दूसरी तरफ झंवर पुलिस ने बताया कि चिचड़ली झंवर निवासी पप्पाराम पुत्र चौथाराम की तरफ से रिपोर्ट दी गई कि उसका भाई राजू भील 4 अप्रेल को बाइक लेकर लोरडी देजगरा से निकल रहा था। तब एक निजी बस चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी बाद में मौत हो गई। झंवर पुलिस ने बस नंबर के आधार पर अब चालक की तलाश आरंभ की है। वहीं विवेक विहार पुलिस ने बताया कि केरू पेट्रोल पंप के पास रहने वाले सुनील पुत्र सुरताराम ओड ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका भाई 18 मार्च को भाकरासनी कट के पास में सडक़ हादसे में घायल हो गया था। जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा था, अब उसकी मौत हो गई। उसके भाई की गाड़ी को किसी अज्ञात वाहन चालक ने चपेट में लिया था। विवेक विहार पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### पीपीई किट पहन प्रिंसिपल ने पांच घंटे की मशक्कत में हटाए मधुमक्खियों के छत्ते

**लोकतंत्र की शान : चूरू।** चूरू स्थित मेडिकल कॉलेज में छात्रों की सुरक्षा को लेकर एक सराहनीय पहल देखने को मिली है। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार ने खुद पीपीई किट पहनकर कॉलेज परिसर में बने मधुमक्खियों के खतरनाक छत्तों को हटाने का जिम्मा उठाया और करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सात बड़े छत्तों को सफलतापूर्वक हटा दिया। दरअसल, तीन अप्रैल की रात एक सिक्योरिटी गार्ड पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया था, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। इस घटना के बाद कॉलेज प्रशासन सतर्क हुआ और छात्रों पर मंडरा रहे बड़े खतरे को देखते हुए तुरंत कार्रवाई का निर्णय किया गया।प्रिंसिपल डॉ. पुकार ने पहले इस कार्य के लिए विशेषज्ञों से संपर्क किया, लेकिन मधुमक्खियों के बढ़ते हमलों के कारण किसी ने भी जोखिम उठाने की सहमति नहीं दी। ऐसे में उन्होंने खुद यह जिम्मेदारी उठाई और टीम के साथ अभियान शुरू किया। रविवार को अवकाश का दिन होने के कारण छात्रों को असुविधा से बचाने के लिए यह कार्य चुना गया। अभियान शुरू करने से पहले हॉस्टल में रह रहे छात्रों को अस्थायी रूप से दूसरी जगह शिफ्ट किया गया। इसके बाद दोपहर करीब एक बजे शुरू हुआ अभियान शाम छह बजे तक चला।

# रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर ट्राली जप्त

**ढीमरखेड़ा पुलिस की कार्रवाई**

**लोकतंत्र की शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश**





पुलिस अधीक्षक श्री अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में, एवम श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और एसडीओपी श्रीमती आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में और श्रीमान टीआई महोदय ढीमरखेड़ा अभिषेक चौबे के नेतृत्व में आज एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई है।आज दिनांक 6/04/26 को मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई की थाना ढीमरखेड़ा क्षेत्र से गुजरने वाली महानदी के मोहदी घाट पर ट्रैक्टर ट्राली से रेत निकाली जा रही हैं। मुखबिर की सूचना पर दबिश दी गई और मौके से एक ट्रैक्टर में ट्राली को मय रेत के पकड़ा गया और बिना नंबर का नीले रंग के टैक्टर ट्राली में अवैध रेत परिवहन कर चालक राम विशाल कोल पिता सकोरी कोल उम्र 26 साल निवासी ग्राम महोदा के द्वारा ले जाते हुए पुलिस द्वारा पकड़ा गया जो रेत के संबंध में चालक द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। पुलिस द्वारा अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली चालक से जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई। जब्त किए गए ट्रैक्टर का वाहन स्वामी विनोद रजक पिता चंद्रिका प्रसाद रजक निवासी महोदा का होना सामने आया है। प्रकरण में रेत के अवैध उत्खनन के संबंध में खनिज अधिनियम व संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा अभिषेक चौबे ने बताया कि रेत माफियाओं एवं अवैध उत्खनन करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई जारी रखेगी। किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यवाही में प्रधान आरक्षक सुबच्चन यादव,आरक्षक पंकज, डूमन और गंधर्व की भूमिका रही।

## तीन शराबी पुलिस कर्मी निलंबित पुलिस अधीक्षक ने की कार्रवाई

**लोकतंत्र की शान (ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख)**




**सीधी।** शासन जिन्हें समाज को नशामुक्त करने की जिम्मेदारी सौंपी वहीं नशे में धुत्त होकर सेवा में पहुंच गए और अपने अधिकारियों से बदशलूखी करने लगे जिसकी जानकारी होने पर सभी को निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा विभाग में अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से सख्त कार्रवाई की गई है। वीआईपी ड्यूटी में तैनात एएसआई अनूप बंसल, प्रधान आरक्षक प्रभात सिंह सेंगर और आरक्षक अमन भट्ट को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। एएसआई अनूप बंसल, प्रधान आरक्षक प्रभात सिंह सेंगर और आरक्षक अमन भट्ट को वीआईपी आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में लगाया गया था। ड्यूटी के दौरान ही 4 अप्रैल की रात उक्त तीनों पुलिसकर्मियों द्वारा मझौली क्षेत्र के एक ढाबे के पास वर्दी में शराब पीकर अभद्रता करने की सूचना पर मौके पर पहुंचे वरिष्ठ अधिकारी के साथ प्रधान आरक्षक प्रभात सिंह द्वारा अनुशासनहीनता पूर्वक व्यवहार किया गया। मेडिकल जांच में शराब के सेवन की पुष्टि होने और ड्यूटी में गंभीर अनुशासनहीनता एवं लापरवाही पाए जाने पर निलंबन आदेश जारी किया गया है। तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर रक्षित केंद्र संबद्ध कर दिया गया है। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि कर्तव्य के दौरान किसी भी प्रकार की नशाखोरी या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जिला अस्पताल कटनी में मरीजों द्वारा जुआ खेलने के मामले में वार्ड इंचार्ज को कारण बताओ नोटिस जारी

**3 दिन में मांगा स्पष्टीकरण**

**लोकतंत्र की शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश**



**कटनीः** जिला चिकित्सालय के सर्जिकल वार्ड में अनुशासनहीनता का गंभीर मामला सामने आया है। 5 अप्रैल 2026 को वार्ड में भर्ती मरीजों द्वारा अस्पताल परिसर के भीतर ही खुलेआम जुआ खेलने की घटना उजागर होने पर अस्पताल प्रबंधन ने सख्त रुख अपनाया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा ने संबंधित वार्ड इंचार्ज, सर्जिकल वार्ड को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि इस प्रकार की अवैध गतिविधि न केवल अस्पताल के नियमों और आचार संहिता का उल्लंघन है, बल्कि यह वार्ड प्रबंधन और निगरानी में बड़ी लापरवाही को भी दर्शाता है। नोटिस में उल्लेखित किया गया है कि इस तरह की घटनाएं अस्पताल की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं और अन्य मरीजों की सुरक्षा, शांति तथा उपचार व्यवस्था को प्रभावित करती हैं। नोटिस में वार्ड इंचार्ज से पूछा गया है कि उनकी निगरानी में यह गतिविधि कैसे संचालित होती रही और इसे रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए। साथ ही निर्देशित किया गया है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस एवं प्रभावी उपाय सुनिश्चित किए जाएं। वार्ड इंचार्ज को 3 दिवस के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में उनके विरुद्ध एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए एनएसयूआई मैदान में उतरी

**» विक्रांत सिंह परिहार के नेतृत्व में किया गया वृक्षारोपण**

**लोकतंत्र की शान (ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख)**




**सीधी** । भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत, प्रदेश अध्यक्ष मा. आशुतोष चौकसे के निर्देशानुसार आज एनएसयूआई के प्रदेश सचिव विक्रांत सिंह परिहार के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीधी एवं शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय, सीधी परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दोनों महाविद्यालयों के प्राचार्य महोदय प्रो. प्रभाकर सिंह एवं प्रो. ओपी नामदेव सहित प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान विक्रांत सिंह परिहार ने कहा कि "एनएसयूआई केवल छात्र हितों की लड़ाई ही नहीं लड़ती, बल्कि समाज और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी निभाती है। वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक मजबूत संदेश हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि स्थापना दिवस सप्ताह के दौरान एनएसयूआई द्वारा जिलेभर में विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे छात्र-युवा वर्ग को सकारात्मक दिशा मिल सके।वहीं संगठन के जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह का भी उल्लेखनीय सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में अभिमन्यु सिंह चौहान, लकी त्रिपाठी, रोहित सिंह बघेल, अभिषेक सिंह, आदित्य सिंह चौहान, हर्षित सिंह चौहान, नवीन दुबे, स्वाति सिंह, मनीष सिंह बघेल, अंकित सिंह, रिया सिंह सहित एनएसयूआई के अनेक साथी एवं महाविद्यालयों के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## भाजपा के जिला कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर बोली विधायक

**» भाजपा पंच निष्ठाओं के माध्यम से भारत को बनाई विश्व गुरु : रीती पाठक**

**लोकतंत्र की शान (ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख)**



**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी का बहु प्रतिशत जिला कार्यालय का भूमि पूजन कार्यक्रम मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और विधायक हेमंत खंडेलवाल की अध्यक्षता एवं पार्टी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल की विशिष्ट उपस्थिति में वर्चुअल रूप से संपन्न हुआ। पार्टी का भूमि पूजन स्थल, अस्पताल चौक के समीप स्थित, भारत होटल के बगल में हुआ साथ ही सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन मे प्रत्यक्ष रूप से भारतीय जनता पार्टी के संभागीय संगठन प्रभारी विजय दुबे, पार्टी के जिला संगठन प्रभारी नरेंद्र त्रिपाठी, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, धौंहनी विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता कुंवर सिंह टेकाम, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू रामजी सिंह की विशिष्ट उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। पार्टी के भूमि पूजन के पूर्व सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों पर चलते हुए भारतीय जनता पार्टी और उसका प्रत्येक कार्यकर्ता भारत को विश्व गुरु बनाने में जुड़ा हुआ है। सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में व्यक्तिगत हितों को त्याग कर पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी भारत माता की सेवा में जुटे हुए हैं। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। हम सभी उसके घटक हैं। हमारा कार्यालय बेहतर हो, हाईटेक हो, जिससे हम वर्तमान प्रतिस्पर्धा में खड़े हो सके। इस अवसर पर पार्टी द्वारा ध्वजारोहण, वंदे मातरम और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में पार्टी ने वरिष्ठ जनों का अभिनंदन भी किया। कार्यक्रम संचालन जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य इंद्र शरण सिंह चौहान, संभागीय प्रशिक्षण सह प्रभारी केके तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष बृज बिहारी लाल शर्मा, लालमणि सिंह चौहान, मंगलेश्वर सिंह चौहान, विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष सुभाष सिंह, यदुनाथ सिंह चौहान, नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान, अंजू केसरी, डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अशोक पटेल, विश्वबंधुधर द्विवेदी, उषा गोपाल पटेल, शिवदान साकेत, मनीला सिंह चौहान, अखिलेश पाण्डेय, जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय, चंद्रपाल सिंह उइके सहित सैकड़ो पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस ने दिया धरना, प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**लोकतंत्र की शान (ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख)**

**सीधी।** सीडब्ल्यूसी सदस्य एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने अपने संबोधन में गैस की किल्लत, गेहूं खरीदी में हो रही लेट लतीफी और बढ़ते बिजली बिलों को जनता की सबसे बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि सरकार इन बुनियादी मुद्दों पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी उपज लेकर मंडियों में भटक रहे हैं, लेकिन खरीदी समय पर नहीं हो रही, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर की कमी और बढ़ती कीमतों ने गरीब और मध्यम वर्ग के घर का बजट बिगाड़ दिया है, वहीं लगातार बढ़ते बिजली बिलों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। इसके साथ ही उन्होंने खाद. बीज की अनुपलब्धता, एमएसपी पर उचित बोनस न मिलना और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा न मिलने जैसे मुद्दों पर



भी सरकार को घेरा। कमलेश्वर पटेल ने कहा कि कानून व्यवस्था बिगड़ रही है, महिलाओं के साथ अपराध बढ़ रहे हैं और युवा नशे की चपेट में हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन सभी समस्याओं पर जल्द समाधान नहीं किया तो कांग्रेस आंदोलन को और तेज करेगी।

## अवैध प्लाटिंग के प्रकरणों पर निगम प्रशासन सख्त रुख दो अवैध प्लाटिंग पर चली नगर निगम की जेसीबी मशीन ट्रांसपोर्ट नगर एवं साईं मंदिर के पीछे की गई कार्रवाई

**लोकतंत्र की शान हसन रशीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश**



**कटनी।** नगर निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। निगम अमले ने शुक्रवार को नगर के दो स्थानों पर संचालित अवैध प्लाटिंग पर जेसीबी मशीन चलाकर निर्माण कार्यों को ध्वस्त किया। इस दौरान अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह सहित कालोनी सेल एवं अतिक्रमण अमले की उपस्थिति रही। कालोनी सेल अधिकारी एवं कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बाल गंगाधर तिलक वार्ड के दो स्थलों ट्रांसपोर्ट नगर एवं साईं मंदिर के पीछे की गई इस कार्रवाई में बिना अनुमति विकसित किए जा रहे प्लॉटों को चिन्हित कर मौके पर पहुंची टीम ने निर्मित अवैध संरचनाओं को हटाने की कार्यवाही की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना वैध स्वीकृति के किसी भी प्रकार की प्लाटिंग करना नियमों के विरुद्ध है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान संबंधित भू-मालिकों को पूर्व में नोटिस भी जारी किए गए थे, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर यह कदम उठाया गया। निगम प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी भूमि या प्लॉट की खरीद-फरोख्त से पहले उसकी वैधता की जांच अवश्य करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके। निगम प्रशासन ने यह भी बताया कि शहर में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## छेड़-छाड़ के आरोपियों को तीन तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा

**लोकतंत्र की शान (ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख)**




**सीधी।** घर में घुसकर मां बेटी से छेड़छाड़ करने वाले आरोपियों को न्यायालय ने आरोप प्रमाणित होने पर तीन तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दण्डित करने का फैसला सुनाया है। मामले की जानकारी देते हुए जिला अभियोजन कार्यालय से जारी विज्ञाप्ति में बताया गया है कि दिनांक 10.02.2024 को अभियोक्त्री द्वारा इस आशय की लिखित सूचना थाना मझौली में दी गई कि दिनांक 02.02.2024 को रात करीबन 02:00 बजे घर से बाहर बाथरूम करने के लिए अपनी मम्मी के साथ निकली थी जैसे ही घर के अंदर घुसने लगी तो अभियुक्तगण छोटलाल और कोट्टा कोल दरवाजा ढोंसकर अंदर घुस आये। छोटलल्ला ने उसे और आरोपी कोट्टा ने उसकी मां से गलत नियम से लिपट पड़े। जब वह और उसकी मम्मी ने हल्ला गोहार किया तो दोनों बोले कि हल्ला करोगी तो जान से मार देगा। हल्ला गोहार सुनकर उसकी दादी दौड़कर आयी तो दोनों दादी को देखकर भाग गये। लोकलाज के कारण वह रिपोर्ट करने नहीं आयी थी, किन्तु आरोपीगण रोज उन लोगों को धमकी देते हैं, जिस कारण वह रिपोर्ट करने आयी है। उक्त पर आरोपीगण के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट अपराध क्र.-102/2024 अंतर्गत धारा 452, 354, 506, 34 भा.दं.सं. एवं धारा 7/8 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम में पंजीबद्ध किया गया। मामले की संपूर्ण विवेचना पश्चात् अभियोग पत्र तैयार कर माननीय विशेष न्यायालय, पॉक्सो एक्ट सीधी में प्रस्तुत किया गया, जिसके न्यायालयीन विशेष सत्र प्रकरण क्रमांक एससी/23/2024 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री प्रशान्त कुमार पाण्डेय के द्वारा अभियुक्तगण को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप माननीय विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट, सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्तगण 1. अभिलाष कोल उर्फ छोटलल्ला कोल पिता शिवलाल कोल, उम्र-19 वर्ष, 2. अशोक कुमार कोल उर्फ कोट्टा कोल पिता रामप्रसाद कोल, उम्र-25 वर्ष, दोनों निवासी अंतर्गत थाना मझौली, जिला-सीधी (म.प्र.) दोनो को धारा 452, 352 भादवि में 03-03 वर्ष के कठोर कारावास एवं 1,000/- 1,000/- रूपए अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

संक्षिप्त समाचार

## युवती के साथ छेड़खानी का आरोपित नसीम गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान : मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद महानगर के थाना मुगलपुरा क्षेत्र में एक व्यक्ति ने युवती का पीछा कर उसके साथ छेड़खानी की। शिकायत मिलने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तमंचे के साथ आरोपित को सोमवार गिरफ्तार कर लिया। कपड़े का आरोपित को कोर्ट में पेश कर जिला कारागार भेज दिया गया। मुगलपुरा के लालबाग चौकी क्षेत्र की रहने वाली युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार रात करीब नौ बजे वह जीआईसी चौराहे के पास से पैदल निकल रही थी। इस बीच कंबल का ताजिया निवासी नसीम ने उसका पीछा कर छेड़खानी और अश्लील हरकत की। पुलिस ने युवती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित नसीम को तमंचा और कारतूस के साथ उसके घर के पास से आज दबोच लिया। पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपित से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

### सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार बाबा-नाती की मौत

**लोकतंत्र की शान : फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज के सोथरा रोड पर सोमवार किसी अज्ञात वाहन के रौंदने से मोटरसाइकिल सवार बाबा-नाती की मौत हो गई। पुलिस दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है। थाना सिरसागंज नगला धीर निवासी राजेंद्र सिंह (82) पुत्र तिलक सिंह सोमवार को जमीनी विवाद की तारीख करने दबरई स्थित न्यायालय अपने नाती विवेक उर्फ सोनी (28) पुत्र राजकुमार के साथ मोटरसाइकिल से आए थे। तारीख करने के पश्चात दोनों बाबा-नाती अपने घर वापस मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। वह थाना सिरसागंज क्षेत्र के सोथरा रोड पर पहुंचे ही थे तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में नाती विवेक उर्फ सोनी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बाबा घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृत विवेक उर्फ सोनी के शव को जिला अस्पताल लेकर आई जहां शव को पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया। वहीं घायल राजेंद्र सिंह को उपचार के लिए सिरसागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां उपचार के दौरान वृद्ध ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस उनके भी शव को लेकर जिला अस्पताल आई है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वह जिला अस्पताल पहुंच गए। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी सिरसागंज वैभव कुमार सिंह का कहना है हादसा करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## मॉनिटरिंग में ड्रोन Q4i बहुत लाभदायक सिद्ध होगा : मंडल रेल प्रबंधक

**लोकतंत्र की शान : मुरादाबाद।** मुरादाबाद रेल मंडल में मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव की उपस्थिति में सोमवार को आरपीएफ रिजर्व लाईन में आधुनिक तकनीक की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए ड्रोन Q4i का सफल प्रदर्शन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि ड्रोन के माध्यम से रेलवे लाइनों की सुरक्षा, ट्रेनों की आवाजाही, वर्ष में अनेक पर्वों एवं मेलों के दौरान होने वाली भीड़ की सुरक्षा हेतु निगरानी, हरिद्वार में आगामी अर्धकुंभ-2027 की प्रभावी मॉनिटरिंग में यह ड्रोन बहुत लाभदायक सिद्ध होगा। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने सोमवार को बताया मुरादाबाद मंडल में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आज मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव की उपस्थिति में साप्ताहिक परेड के दौरान आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए ड्रोन यूएवी Q4i (Unmanned Aerial Vehicle) का सफल प्रदर्शन किया गया। ड्रोन की क्षमताओं का विस्तृत प्रदर्शन करते हुए बताया गया कि यह एक बार में लगभग 40 मिनट तक उड़ान भर सकता है तथा अतिरिक्त बैटरी के माध्यम से इसकी उड़ान अवधि को बढ़ाया जा सकता है। यह ड्रोन लगभग 5 किलोमीटर की रेंज में कार्य करने में सक्षम है तथा 400 मीटर तक की ऊँचाई से निगरानी कर सकता है। ड्रोन रात्रि के समय भी निगरानी (नाइट विजन) में सक्षम है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है।

## नवजात की मौत के बाद अस्पताल पर लापरवाही का आरोप, परिजनों ने की कार्रवाई की मांग

**लोकतंत्र की शान : अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में कमरौली थाना क्षेत्र स्थित आयशा चाइल्ड केयर अस्पताल में सोमवार शाम एक नवजात बच्चे की मौत हो गई। इसकी जानकारी के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए हंगामा किया। परिजनों का कहना है कि समय पर उचित इलाज न मिलने के कारण मासूम की जान चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को शांत कराया। जामो थाना क्षेत्र के रेसी गांव निवासी मोहम्मद अमीन ने थाने में तहरीर देकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनके अनुसार 3 अप्रैल 2026 को उनके पोते का जन्म जगदीशपुर स्थित एक नर्सिंग होम में हुआ था। जन्म के बाद नवजात को पेशाब न होने की समस्या बताई गई, जिसके बाद उसे कमरौली स्थित आयशा चाइल्ड केयर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में बच्चे को भर्ती कर ऑक्सीजन पर रखा गया और हालत गंभीर बताते हुए महंगी मशीन पर रखने की सलाह दी गई। इसके लिए प्रतिदिन लगभग 12 हजार रुपये खर्च बताए गए। परिवार का कहना है कि उन्होंने कई बार बच्चे को किसी बड़े अस्पताल में रेफर करने का अनुरोध किया, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें आश्वासन देकर वहीं रोके रखा। परिवार का यह भी आरोप है कि इलाज के नाम पर करीब दो लाख रुपये ले लिए गए, बावजूद इसके बच्चे की हालत लगातार बिगड़ती गई और अंततः उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने अस्पताल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में लिया गया है। जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित कर दी गई है, जो पूरे प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट देगी।

# निर्माण कार्य ध्वस्त करने गई पालिका टीम विरोध पर वापस लौटी

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** सोमवार को नगर के अमृत सरोवर/कर्बला तालाब के निकट प्लॉट पर हो रहे निर्माण कार्य को ध्वस्त करने गई पालिका टीम न्यायालय के यथा स्थिति के आदेश को देखकर वापस लौट आई, बताते चले की सचिन गुप्ता निवासी मोहल्ला राजपूत कॉलोनी की पत्नी सपना गुप्ता ने बताया कि उन्होंने सन दो हज़ार बीस में कर्बला तालाब से आगे प्लाटिंग के दौरान सत्तर गज भूमि क्रय की थी। इसके बाद उन्होंने नगर पालिका परिषद द्वारा मकान निर्माण हेतु शासन से धनराशि आवंटित किए जाने की प्रार्थना की थी। जिसके फल स्वरुप पूर्ण रूप से वैध दस्तावेजों की जांच पड़ताल कर अधिकारियों की रिपोर्ट प्रेषित होने के बाद सरकार के माध्यम से पीड़िता को पहली किस्त प्राप्त हो गई। इसी क्रम में पीड़िता ने मकान निर्माण कार्य शुरू करा दिया। वहीं पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद नजदीकी लोगों ने रास्ते पर अवैध कब्जे के उद्देश्य से जबरन आपत्ति लगानी शुरू कर दी। और बैनामा दस्तावेजों में खोले गए उन्नीस फुट के रास्ते को अपना बता कर गुमराह करना शुरू कर दिया। वहीं मौके पर निर्माण ध्वस्त करने पहुंची नगर पालिका टीम ने न्यायालय का स्टे आदेश देखा तो वह जेसीबी लेकर वापस लौट गई। जिसके बाद मौके पर अधिकारियों का आना-जाना लगा रहा। पीड़ित का कहना है कि भूमि का स्टांप शुल्क अदा करके शासन के नियमों के आधार पर बैनामा कराया गया था। वहीं पीड़ित ने मकान की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए लेखपाल पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित का आरोप है कि लेखपाल द्वारा मामला निपटने के उद्देश्य से अवैध सुविधा शुल्क की मांग की जा रही है। फिलहाल मामले में आधिकारिक रूप से कोई पुष्टि नहीं की गई है। इस दौरान मौके पर हंगामा की स्थिति बनी रही।

## सीतापुरः किसान के घर के बाहर बंधी दो भैंसों पर चोरों ने किया हाथ साफ, इलाके में दहशत

लोक तंत्र की शान, अब्दुल्लाह खान ब्यूरो चीफ



**सीतापुर।** जनपद के रामपुर कला थाना क्षेत्र के अंतर्गत कंडोरा गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक किसान के घर को निशाना बनाया। चोरों ने घर के बाहर बंधी दो भैंसों को चोरी कर लिया, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।

**घटना का विवरण-** पीड़ित किसान आशीष कुमार (पुत्र कौशल) के अनुसार, घटना रात करीब 12:30 बजे की है। जब उन्हें खटपट की आवाज सुनाई दी और वे बाहर निकले, तब तक उनकी दोनों भैंसें गायब हो चुकी थीं।

**संदिग्ध वाहनः** ग्रामीणों ने घर से लगभग 200 मीटर दूर सिधौली-महमूदाबाद रोड पर एक संदिग्ध पिकअप डाला खड़ा देखा था, लेकिन जब तक ग्रामीण वहां पहुंचे, चोर भैंसों को लादकर फरार हो चुके थे।

**पुलिस कार्यवाहीः** सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची। इसके बाद बेहमा पुलिस चौकी के प्रभारी दिनेश सिंह और हेड कांस्टेबल चंद्रभान सिंह यादव ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**ग्रामीणों में आक्रोश-** क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदातों से ग्रामीणों में भारी डर और रोष का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि चोरों के हौसले बुलंद हैं और वे पुलिस से गश्त बढ़ाने तथा चोरी गई भैंसों की जल्द बरामदगी की मांग कर रहे हैं थाना रामपुर कलां प्रभारी लल्ला गोस्वामी ने बताया की जानकारी है जल्द ही घटना मे संलिप्त चोर पकडे जाएगे

## पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को अवैध तमंचा व चोरी के समान के साथ किया गिरफ्तार

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** सोमवार को हसनपुर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक हिस्ट्रीशीटर चोर को 5 अप्रैल को चोरी गए समान वह अवैध तमंचे के साथ पड़कर चोरी का खुलासा किया, बताते चलें कि 5 अप्रैल को ग्राम बाई खेड़ा निवासी सुम्मेरा ने पुलिस को तहरीर दी थी जिसमें उन्होंने बताया था कि उनके घर से चार्जिंग पर लगे दो मोबाइल फोन और एक तूफान पंखा चोरी हो गया है, पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जाच शुरू कर दी, प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबीर की मदद से ग्राम कारनखाल से गंगा चोली मार्ग पर एक बंद पड़े पेट्रोल पंप के पास घेराबंदी कर आरोपी कलुआ पुत्र जयप्रकाश निवासी ग्राम कालका वाली डगरोली को गिरफ्तार कर लिया, आरोपी पर गैंगस्टर एक्ट में लूट सहित करीब एक दर्जन मुकदमे पहले से दर्ज हैं, पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के दो मोबाइल फोन एक तूफान पंखा बरामद किया, वहीं तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक अवैध संख्या 315 बोर और एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि चोरी की घटना में ग्राम बाईखेड़ा का हरवंश भी शामिल है जो मौके से फरार होने में कामयाब रहा, पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दविश दे रही है, वही अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदोरिया ने हसनपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए हिस्ट्रीशीटर को पकड़कर चोरी की घटना के खुलासे संबंध में पत्रकारों को जानकारी दी और हसनपुर पुलिस की पीठ थप थपाई, वही इस सफल कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी, वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार, उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार, कांस्टेबल दीपेश, आकाश तथा आनंद तोमर शामिल रहे ।

## रामपुरः शिव विहार कॉलोनी में दो दिन पुराना महिला अध्यापिका का संदिग्ध शव मिलने से सनसनी

लोक तंत्र की शान, मंडल प्रभारी अवनीत कुमार शर्मा



**रामपुर।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र की शिव विहार कॉलोनी में एक महिला अध्यापिका का दो दिन पुराना संदिग्ध शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना पर कॉलोनीवासियों की भारी भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। मृतका की पहचान श्रीमती एकता रानी (उम्र करीब 35 वर्ष) पत्नी राहुल चौधरी निवासी ग्राम गढ़ीना थाना फलावदा, तहसील मवाना जनपद मेरठ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह वर्तमान में जनपद रामपुर के थाना क्षेत्र पटवाई अंतर्गत ग्राम ठाकुरद्वारा के प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका के पद पर तैनात थीं। स्थानीय लोगों के अनुसार महिला का शव संदिग्ध हालत में पड़ा मिला, जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची थाना सिविल लाइन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। वहीं इस घटना के बाद कॉलोनी में दहशत का माहौल बना हुआ है।फिलहाल पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है और महिला की मौत को लेकर परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# B J P जनकल्याण मंच ने भाजपा के 47 वे स्थापना दिवस पर महापुरुषों को किया नमन

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** सोमवार को बीजेपी जनकल्याण मंच के जिलाध्यक्ष भीष्म सिंह खड़गवंशी के नेतृत्व में नगर के रहरा अड्डे पर उनके कैंप कार्यालय पर महिलाओं समेत युवाओं तथा कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। वहीं इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जन कल्याण मंच के जिलाध्यक्ष भीष्म सिंह खड़गवंशी ने कहा कि छह अप्रैल सन उन्नीस सौ अस्सी को भाजपा की स्थापना हुई थी। उसी के उपलक्ष में आज भारतीय जनता पार्टी का 47वा स्थापना दिवस मनाया गया है, उन्होंने बताया भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ, दर्शनदास शाह, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, जन कल्याण मंच प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना को जमीनी स्तर तक लेकर जाएंगे। कहा कि पार्टी तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लाइन के अंतिम पायदान पर खड़े सबसे छोटे एवं कमजोर वर्ग के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। इसके लिए भाजपा जन कल्याण मंच कार्यकर्ता जमीन स्तर पर उतरकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में भारी बहुमत से भाजपा की सरकार प्रचंड जीत एवं बहुमत के साथ बनेगी। इसलिए धरातल पर उतरकर जनकल्याण मंच द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस दौरान मौके पर भाजपा के रुखालू मंडल अध्यक्ष हुकम सिंह खड़गवंशी, बबीता सैनी, अमरपाली गुर्जर, ममता शर्मा, सुषमा त्यागी, दीपमाला वर्मा, सीमा यादव, विनोद कुमार, शिवम कुमार विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, भूपेंद्र सिंह, गौरव, ललित कुमार, पप्पू, नरोत्तम, जगत सिंह प्रजापति, राजपाल सिंह, किशोर, धर्मपाल सिंह, जयप्रकाश, हरीराज सिंह, लाल सिंह, दयानंद सिंह, मनोज, नरेंद्र राणा, चंदकिशोर, डॉक्टर भगवान दास, उपेंद्र राणा, हरिदत्त राणा आदि सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी के कैंप कार्यालय पर मनाया गया पार्टी का 47वा स्थापना दिवस



लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुरः** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के 47 वे स्थापना दिवस पर विधायक महेंद्र सिंह खड़क बंशी के कैंप कार्यालय/आवास पर बड़े ही धूमधाम के साथ पार्टी का 47वा स्थापना दिवस मनाया गया, जिसमें विधायक महेंद्र सिंह खड़क बंशी एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक महेंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता देव तुल्य है उसकी मेहनत ही पार्टी की असली पूंजी है, इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, सोनिया प्रजापति, हसनपुर मंडल अध्यक्ष राजू राणा, संजय शर्मा, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अतुल गर्ग मंडल, भाजपा नेता पवन राज जाटव, महामंत्री कार्यक्रम संयोजक सौरभ गुप्ता, मंडल महामंत्री संजय राणा, मीडिया प्रभारी षौष्कर अग्रवाल, मोहित अग्रवाल संदीप गुप्ता, अजयपाल सभासद, वीर सिंह एडवोकेट सभासद विक्रम महंत मंडल मंत्री प्रमोद शर्मा डॉ योगेंद्र सिंह मंडल मंत्री नंदन खड्गवंशी एवं भारतीय जनता पार्टी के देव तुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## भगौली के लाल साजिद अंसारी ने बढ़ाया मान, समीक्षा अधिकारी के पद पर चयन से क्षेत्र में खुशी की लहर

लोक तंत्र की शान, अब्दुल्लाह खान ब्यूरो चीफ




**भगौली महमूदाबाद :** ग्रामीण प्रतिभाओं ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि अगर इरादे बुलंद हों, तो मंजिल मिल ही जाती है। ग्राम भगौली निवासी वाहिद अंसारी के पुत्र साजिद अंसारी ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में समीक्षा अधिकारी (RO) के पद पर चयनित होकर अपने परिवार और पूरे गांव का नाम रोशन किया है।

**साधारण परिवार, असाधारण सफलता-** साजिद एक साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं उनके पीता एक किसान के साथ साथ पहले सरकारी गल्ले की दुकान पर कोटेदार थे उनकी इस उपलब्धि के पीछे वर्षों की कड़ी मेहनत और अनुशासन है। जैसे ही उनके चयन की सूचना गांव में पहुंची, साजिद के घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया जिला पंचायत सदस्य मो अशफाक एडवोकेट ने साजिद की इस बड़ी सफलता पर बहुत बहुत बधाई दी उन्होंने कहा की इनके चयन के पीछे इनके पिता और इनके भाइयों की मेहनत का नतीजा है

**मो अशफाक** –साजिद की सफलता क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है उनकी मेहनत उन्हें और उनके परिवार को भविष्य मे और आगे ले जाए यही हमारी कामना है

**इरशाद अहमद कमर अध्यक्ष नगर पंचयत फतेहपुर-** "साजिद ने अपनी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। ग्रामीण परिवेश के बच्चों का ऐसे महत्वपूर्ण पदों पर जाना समाज के लिए गौरव की बात है। उनके उज्जवल भविष्य की कामना है।"

**अयाज़ खान अध्यक्ष प्रतिनिधि बेलहरा , युवाओं के लिए संदेश-** अपनी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए साजिद अंसारी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि निरंतरता और धैर्य ही सफलता की कुंजी है।

बधाई देने वालों में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान, स्थानीय नेता, असजद नोमानी, मो कैश पूर्व प्रतियाशी सदस्य जिला पंचायत,अब्दुल्लाह खान अध्यक्ष युवा उद्योग व्यापार मंडल सीतापुर, शाहिद सिद्दीकी, मंसूर खान, गुड्डू खान, सईद अंसारी, समेत सैकड़ो लोगो नेता बधाई दी

# ज्वाला नगर में श्री बालाजी महाराज जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

» विधायक आकाश सक्सेना व जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार रहे शामिल

लोक तंत्र की शान, मंडल प्रभारी अवनीत कुमार शर्मा





**रामपुर।** शहर के ज्वाला नगर स्थित रफत स्कूल के सामने मुकेश सक्सेना शालिनी सक्सेना के निवास स्थान पर श्री बालाजी महाराज का जन्मोत्सव श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की। आयोजन में शहर विधायक आकाश सक्सेना तथा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार भी विशेष रूप से सम्मिलित हुए। दोनों ने श्री बालाजी महाराज के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्रवासियों को जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। भक्तिमय भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। घर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा दीपों की रोशनी से पूरा परिसर जगमगा उठा। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। आयोजन के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने श्री बालाजी महाराज से सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की। क्षेत्रवासियों ने इस धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए इसे आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। शहर विधायक आकाश सक्सेना जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार मुकेश सक्सेना शालिनी सक्सेना अवधेश शर्मा हरि बहादुर सक्सेना हिमांशु सक्सेना राजेश सक्सेना हिमांशु सक्सेना पूजा शर्मा एनुअल सक्सेना अंकुर सक्सेना युग सक्सेना आदि उपस्थित रहे।



# भारत में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की ऐतिहासिक कार्रवाई -एक जिले की एक तहसील में 18 पटवारी भ्रष्टाचार में फंसे- तहसीलदार पहले ही जेल में- प्रशासनिक ढांचे के लिए एक निर्णायक संदेश- समग्र विश्लेषण



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं

» भ्रष्टाचार कोविड महामारी या कैंसर से भी अधिक खतरनाक बीमारी है, क्योंकि यह धीरे-धीरे पूरे तंत्र को अंदर से खोखला कर देता है।

» भारत में पटवारी स्तर से लेकर उच्च अधिकारी लेवल तक संभावित मिलीभगत चैनल को, ईमानदार अधिकारियों द्वारा हिम्मत दिखाकर तोड़ना समय की मांग- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र







**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में शासन- प्रशासन की विश्वसनीयता का सबसे महत्वपूर्ण आधार जनता का विश्वास होता है।जब यह विश्वास कमजोर पड़ता है,तब केवल व्यवस्था ही नहीं,बल्कि लोकतंत्र की आत्मा भी आहत होती है। हाल ही में संसद के दोनों सदनों द्वारा इसी पृष्ठभूमि में पारित जन विश्वास (संशोधन प्रावधान) अधिनियम, 2026 एक ऐतिहासिक और संरचनात्मक सुधार के रूप में सामने आया है।यह केवल एक विधायी परिवर्तन नहीं,बल्कि शासन की सोच में बदलाव का प्रतीक है,जहां दंड आधारित नियंत्रण से हटकर विश्वास आधारित अनुपालन की दिशा में कदम बढ़ाया गया है।परंतु मेरे 45 साल के मीडिया अनुभव व 15 साल के अधिवक्ता अनुभव में शायद पहली बार हाल ही में मध्य प्रदेश के श्योपुर जिला में सामने आया बाढ़ राहत घोटाला इसी विश्वास पर एक गंभीर प्रहार था,लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि इस मामले में जिस प्रकार की कठोर और व्यापक प्रशासनिक कार्रवाई की गई,उसने पूरे देश में एक नई उम्मीद जगाई है। यह घटना केवल एक सटीक घोटाले की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस निर्णायक मोड़ का संकेत है जहां से भारत में भ्रष्टाचार के विरुद्ध वास्तविक और प्रभावी लड़ाई की शुरुआत हो सकती है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि इस पूरे मामले में सबसे सराहनीय भूमिका जिला कलेक्टर की रही, विशेष रूप से उनके द्वारा दिखाई गई दृढ़ इच्छाशक्ति की। कलेक्टर ने न केवल इस घोटाले की गहन जांच करवाई,बल्कि 18 पटवारियों के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी देकर एक स्पष्ट संदेश दिया कि भ्रष्टाचार के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि एक नैतिक घोषणा थी कि अब व्यवस्था में ईमानदारी को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही विभागीय जांच के आदेश और नौकरी से बर्खास्तगी की सिफारिश ने यह सुनिश्चित किया कि दोषियों को हर स्तर पर जवाबदेह ठहराया जाएगा। पूरे भारतवर्ष में अनेकों सरकारी कर्मचारियों पर कुछ अपवाद छोड़कर अगर हम संज्ञान लें तो एक सामाजिक पहलू भी है, जिस पर ध्यान देना आवश्यक है।अक्सर देखा जाता है कि सरकारी कर्मचारियों की जीवनशैली उनके आधिकारिक वेतन से कहीं अधिक उच्च होती है, जिससे यह संदेह उत्पन्न होता है कि अतिरिक्त आय के स्रोत क्या हैं। यदि इस दिशा में नियमित निगरानी और संपत्ति का ऑडिट किया जाए, तो भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सकता है। श्योपुर की घटना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि अब केवल सतही सुधारों से काम नहीं चलेगा, बल्कि गहराई में जाकर व्यवस्था को बदलना होगा। मेरा यह आर्टिकल मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर लिखा गया है। साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की इस ऐतिहासिक घटना को समझने की करें तो, वर्ष 2021 में मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में आई भीषण बाढ़ ने हजारों किसानों और ग्रामीणों को प्रभावित किया। प्राकृतिक आपदा के बाद राज्य सरकार द्वारा राहत के रूप में करोड़ों रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई थी। इस राहत पैकेज में चार प्रमुख श्रेणियां थीं-फसल नुकसान, मकान क्षति, मवेशियों की हानि और अन्य सामान्य सहायता। यह राशि उन लोगों के लिए जीवनरेखा थी, जिनकी आजीविका पूरी तरह बर्बाद हो चुकी थी। लेकिन दुर्भाग्यवश, इसी संवेदनशील व्यवस्था में भ्रष्टाचार का ऐसा जाल बुना गया, जिसने न केवल पीड़ितों को उनके अधिकार से वंचित किया,बल्कि प्रशासनिक तंत्र की साख पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया।जांच में सामने आया कि लगभग 960 किसानों के लिए स्वीकृत राहत राशि में से 794 वास्तविक लाभार्थियों को दरकिनार कर दिया गया और उनकी जगह 87 अपात्र व्यक्तियों के 127 बैंक खातों में पैसा ट्रांसफर कर दिया गया।यह पूरा घोटाला करीब 5 करोड़ रुपये का था। इस संगठित भ्रष्टाचार में निचले स्तर के कर्मचारियों से लेकर उच्च अधिकारियों तक की संलिप्तता स्पष्ट रूप से सामने आई। इस मामले में तत्कालीन तहसीलदार अमिता सिंह तोमर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही, जिनपर आरोप है कि उन्होंने बिना समुचित जांच के फर्जी लाभार्थियों को मंजूरी दी। परिणामस्वरूप उन्हें निलंबित किया गया और बाद में जेल भी भेजा गया। साथियों बात अगर हम पूरे देश में शायद पहली बार कलेक्टर की हिम्मत और चौंकाने वाली कार्रवाई को समझने की करें तो, इस मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू तब सामने आया जब यह स्पष्ट हुआ कि फर्जी लाभार्थियों की सूची तैयार करने में 18 पटवारियों की सीधी भूमिका थी।पटवारी,जो ग्रामीण प्रशासन की रीढ़ माने जाते हैं और जिनका सीधा संपर्क किसानों से होता है,उन्हीं के द्वारा इस प्रकार की धोखाधड़ी ने पूरे सिस्टम की जड़ों को हिला दिया। इन पटवारियों ने न केवल फर्जी सर्वे तैयार किए, बल्कि अपने रिश्तेदारों और परिचितों के खातों में सरकारी धन ट्रांसफर करवा दिया। यह केवल भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि सामाजिक नैतिकता और सरकारी जिम्मेदारी का खुला उल्लंघन था। साथियों बात अगर हम इस प्रकरण की पूरे भारत ही नहीं वैश्विक स्तरपर गूँज की करें तो, इस कार्रवाई का प्रभाव केवल मध्य प्रदेश तक सीमित नहीं रहा,बल्कि पूरे देश के प्रशासनिक तंत्र में एक हलचल पैदा कर दी। पहली बार ऐसा देखने को मिला कि एक ही तहसील के इतने बड़े पैमाने पर पटवारियों के खिलाफ एक साथ कार्रवाई की गई हो। यह घटना उन लाखों ईमानदार सरकारी कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणा है, जो व्यवस्था में सुधार लाना चाहते हैं, लेकिन अक्सर दबाव और भय के कारण चुप रहते हैं।भ्रष्टाचार को यदि एक बीमारी माना जाए, तो यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि यह कोविड महामारी या कैंसर से भी अधिक खतरनाक है, क्योंकि यह धीरे-धीरे पूरे तंत्र को अंदर से खोखला कर देता है इस बीमारी का सबसे बड़ा कारण केवल व्यक्तिगत लालच नहीं, बल्कि सामूहिक मिलीभगत है, जिसमें निचले स्तर से लेकर उच्च अधिकारियों तक एक श्रृंखला बन जाती है। श्योपुर का मामला इसी सच्चाई को उजागर करता है कि जब तक इस पूरी श्रृंखला को तोड़ा नहीं जाएगा, तब तक भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण संभव नहीं है। साथियों बात अगर हम पूरे भारत में कलेक्टरों द्वारा स्वत संज्ञान लेकर इस प्रकार की कार्रवाई को प्राथमिकता देने की करें तो, इस संदर्भ में सभी राज्यों के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वे इस मामले से सबक लें और अपने-अपने क्षेत्रों में इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई करें। सबसे पहला कदम डिजिटल सत्यापन की दिशा में होना चाहिए। राहत राशि और अन्य सरकारी योजनाओं के वितरण में आधार-लिंक्ड बैंक खातों का उपयोगअनिवार्य किया जाना चाहिए और लाभार्थियों की सूची को सार्वजनिक पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और फर्जीवाड़े की संभावना कम होगी।दूसरा महत्वपूर्ण उपाय स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा थर्ड पार्टी ऑडिट है। जब तक जांच पूरी तरह निष्पक्ष और बाहरी एजेंसी द्वारा नहीं की जाएगी, तब तक आंतरिक मिलीभगत के कारण सच्चाई सामने आना कठिन रहेगा। श्योपुर मामले में भी जब ऑडिट हुआ, तभी यह घोटाला उजागर हो पाया।तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण पहलू है कठोर जवाबदेही। केवल निलंबन या स्थानांतरण से भ्रष्टाचार नहीं रुकता, बल्कि इसके लिए सख्त कानूनी कार्रवाई आवश्यक है। श्योपुर में जिस प्रकार से अभियोजन की मंजूरी दी गई और गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू हुई, वह एक आदर्श उदाहरण है। इससे यह संदेश जाता है कि भ्रष्टाचार करने वालों को केवल प्रशासनिक दंड ही नहीं, बल्कि कानूनी परिणाम भी भुगतने होंगे। इसके अतिरिक्त ग्राम सभाओं के माध्यम से लाभार्थियों की सूची का सत्यापन भी एक प्रभावी उपाय हो सकता है। स्थानीय स्तर पर लोगों को शामिल करने सेपारदर्शिता बढ़ती है और गलत लाभार्थियों की पहचान आसानी से हो सकती है। यह लोकतंत्र के विकेंद्रीकरण की भावना के अनुरूप भी है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि श्योपुर बाढ़ राहत घोटाला और उस पर हुई कार्रवाई भारत के प्रशासनिक इतिहास में एक मील का पत्थर है। यह केवल एक जिले की घटना नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक चेतावनी और एक अवसर दोनों है। चेतावनी इसलिए कि यदि भ्रष्टाचार को समय रहते नहीं रोका गया, तो यह व्यवस्था को पूरी तरह खोखला कर देगा, और अवसर इसलिए कि यदि इसी प्रकार की सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई देशभर में की जाए,तो एक स्वच्छ और पारदर्शी प्रशासन की स्थापना संभव है।आज आवश्यकता इस बात की है कि हर राज्य, हर जिला और हर तहसील इस घटना से प्रेरणा ले और अपने स्तर पर सुधार की प्रक्रिया शुरू करे। यदि ऐसा होता है, तो वह दिन दूर नहीं जब भारत वास्तव में एक भ्रष्टाचार-मुक्त राष्ट्र के रूप में विश्व के सामने उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

**-संकलनकर्ता लेखक - क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यम सीए (एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**
**9284141425**

# अशोक खरात जैसे ढोंगी बाबाओं पर लगाम कब लगेगी ?



लेखक-सौरभ वार्ष्णेय

आखिरकार समाज में आस्था के नाम पर पनप रहे ऐसे अनगिनत ढोंगी बाबाओं पर लगाम कब और कैसे लगेगी यह गहरा प्रश्नचिन्ह गहरा रहा है। ऐसे में समाज में जागरूकता, कानून का सख्त पालन और सामाजिक जिम्मेदारी साथ-साथ नहीं चलेंगे, तब तक ऐसे मामले सामने आते रहेंगे। हाल के समय में अशोक खरात (कैप्टन बाबा) को लेकर जो आरोप और विवाद सामने आए हैं, उन्होंने समाज में गहरी चिंता पैदा की है। खुद को धार्मिक या सामाजिक नेता बताने वाले ऐसे व्यक्तियों का आचरण जब नैतिकता और कानून के दायरे से बाहर जाता है, तो वह न केवल अपने अनुयायियों का भरोसा तोड़ता है बल्कि पूरे समाज को बदनाम करता है। कहा जाता है कि बाबा के नाम पर लोगों की आस्था का फायदा उठाकर कई तरह की अनियमितताएँ और शोषण किए जाते हैं। यदि इन आरोपों में सच्चाई है, तो यह न केवल व्यक्तिगत अपराध है बल्कि समाज की संवेदनाओं के साथ धोखा भी है। आस्था का स्थान हमेशा पवित्र माना गया है, और जब उसी का दुरुपयोग होता है, तो उसका असर व्यापक होता है।ऐसे मामलों में सबसे बड़ी जिम्मेदारी कानून और प्रशासन की होती है कि वे निष्पक्ष जांच करें और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करें। साथ ही समाज को भी जागरूक रहने की जरूरत है, ताकि अंधभक्ति और बिना जांच-पड़ताल के किसी के पीछे चलने से बचा जा सके। यदि कोई व्यक्ति समाज सेवा या धर्म के नाम पर गलत कार्य करता है, तो वह सच में समाज के नाम पर कलंक ही कहलाएगा। ऐसे मामलों में सख्ती, पारदर्शिता और जागरूकता ही सबसे बड़ा समाधान है। समाज में जब भी कोई स्वयंभू संत, बाबा या चमत्कारी व्यक्ति तेजी से प्रसिद्धि पाता है, तो उसके पीछे केवल आम लोगों की आस्था ही नहीं, बल्कि प्रभावशाली और रसूखदार लोगों का समर्थन भी बड़ा कारण होता है। अशोक खरात उर्फ कैप्टन बाबा के मामले में भी यही सवाल उठता है कि आखिर वीवीआईपी लोग उनके पास क्यों जाते थे? सबसे पहले, आस्था और अंधविश्वास का मिश्रण इस प्रवृत्ति की जड़ में है। सत्ता और पैसे के शिखर पर बैठे लोग भी जीवन की अनिश्चितताओं—राजनीतिक भविष्य, स्वास्थ्य, परिवार या सत्ता की स्थिरता—को लेकर असुरक्षित महसूस करते हैं। ऐसे में वे चमत्कार या आशीर्वाद की तलाश में इन बाबाओं की शरण लेते हैं। दूसरा कारण है प्रभाव और नेटवर्किंग। कई बार ऐसे बाबा केवल धार्मिक व्यक्तित्व नहीं होते, बल्कि वे एक पावर हब बन जाते हैं, जहां नेता, अधिकारी और व्यवसायी एक-दूसरे से जुड़ते हैं। इस तरह उनके दरबार एक अनौपचारिक नेटवर्किंग मंच में बदल जाते हैं, जहां संपर्क बनाना आसान होता है।तीसरा पहलू है छवि निर्माण किसी लोकप्रिय बाबा के साथ दिखना कुछ नेताओं के लिए जनता के बीच धार्मिक और संस्कारी छवि बनाने का माध्यम बन जाता है। इससे वे अपने वोट बैंक को मजबूत करने की कोशिश करते हैं।चौथा और चिंताजनक कारण है व्यक्तिगत लाभ और संरक्षण की उम्मीद। कुछ लोग यह मानते हैं कि ऐसे बाबा उनके काम बनवा सकते हैं, समस्याएं सुलझा सकते हैं या उन्हें किसी तरह का आध्यात्मिक संरक्षण दे सकते हैं। यह मानसिकता लोकतांत्रिक और वैज्ञानिक सोच के लिए खतरनाक है। लेकिन इस पूरे प्रकरण का सबसे गंभीर पहलू यह है कि जब वीवीआईपी स्तर के लोग ऐसे व्यक्तियों के पास जाते हैं, तो आम जनता में उनकी विश्वसनीयता स्वतः बढ़ जाती है। इससे अंधविश्वास को बढ़ावा मिलता है और समाज में तर्क और विवेक की जगह कमजोर पड़ती है। यह जरूरी है कि समाज—विशेषकर प्रभावशाली वर्ग—तर्क, वैज्ञानिक सोच और पारदर्शिता को प्राथमिकता दे। किसी भी व्यक्ति को बिना प्रमाण और जवाबदेही के चमत्कारी मान लेना न केवल व्यक्तिगत स्तर पर, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी नुकसानदायक हो सकता है। अशोक खरात उर्फ कैप्टन बाबा का नाम हाल के वर्षों में उनकी अकूत संपत्ति और गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण देशभर में चर्चा का विषय बन गया है। नासिक से शुरू हुआ यह मामला केवल एक तथाकथित धार्मिक गुरु की कहानी नहीं, बल्कि आस्था के नाम पर खड़े किए गए एक विशाल और संदिग्ध साम्राज्य का खुलासा है। जांच एजेंसियों के अनुसार, अशोक खरात ने खुद को ज्योतिषी, तांत्रिक और चमत्कारी शक्तियों वाला व्यक्ति बताकर लोगों, खासकर महिलाओं का विश्वास जीता।

# विज्ञान आधारित स्वास्थ्य क्रांति की ओर बढ़ती दुनिया

लेखक - योगेश कुमार गोयल



दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और वैश्विक स्वास्थ्य मानकों में सुधार लाने के उद्देश्य के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बैनर तले प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को एक खास थीम के साथ 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य स्वास्थ्य को लेकर विश्व में प्रत्येक व्यक्ति को बीमारियों के प्रति जागरूक करना, लोगों के स्वास्थ्य स्तर को सुधारना और हर व्यक्ति को इलाज की अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना ही है। पूरी दुनिया इस साल 'स्वास्थ्य के लिए एकजुट रहें, विज्ञान के साथ खड़े रहें' विषय के साथ 76वां विश्व स्वास्थ्य दिवस मना रही है। यदि पिछले कुछ वर्षों की स्वास्थ्य दिवस की थीम पर नजर डालें तो 2025 का विषय था 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य', 2024 में यह दिवस 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार', 2023 में 'सभी के लिए स्वास्थ्य', 2022 में 'हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य', 2021 में 'सभी के लिए एक निष्पक्ष, स्वस्थ दुनिया का निर्माण', 2020 में 'नर्सों और दाईयों का समर्थन करें' तथा 2019 में 'सार्वभौमिक स्वास्थ्यः हर कोई, हर जगह' विषय के साथ मनाया गया था। इस वर्ष का विषय न केवल वैश्विक सहयोग को सुदृढ़ करने का आह्वान करता है बल्कि भ्रामक सूचनाओं के इस दौर में वैज्ञानिक प्रमाणों पर जन-विश्वास को पुनर्स्थापित करने और साक्ष्य-आधारित नीतियों के माध्यम से मानवता की रक्षा करने पर केंद्रित है। 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाए जाने की शुरूआत डब्ल्यूएचओ द्वारा 7 अप्रैल 1950 को की गई थी और यह दिवस मनाने के लिए इसी तारीख का निर्धारण डब्ल्यूएचओ की संस्थापना वर्षगांठ को चिन्हित करने के उद्देश्य से ही किया गया था। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के साथ ही 1948 में विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव भी रख दी गई थी। दरअसल उस समय लोगों की सेहत को बढ़ावा देने और उन्हें गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दुनिया के कई देशों ने मिलकर दुनियाभर में ठोस कार्य करने की जरूरत पर बल दिया और आखिरकार विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव रखने के दो वर्ष बाद सन् 1950 में पहली बार 7 अप्रैल को यह दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र का अहम हिस्सा 'डब्ल्यूएचओ' दुनिया के तमाम देशों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर आपसी सहयोग और मानक विकसित करने वाली संस्था है, जिसका प्रमुख कार्य विश्वभर में स्वास्थ्य समस्याओं पर नजर रखना और उन्हें सुलझाने में सहयोग करना है। इस संस्था के माध्यम से प्रयास किया जाता है कि दुनिया का प्रत्येक व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ रहे। हालांकि चिंता की स्थिति यह है कि पिछले कुछ दशकों में एक ओर जहां स्वास्थ्य क्षेत्र ने काफी प्रगति की है, वहीं कुछ वर्षों के भीतर एड्स, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के प्रकोप के साथ हृदय रोग, मधुमेह, क्षय रोग, मोटापा, तनाव जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी तेजी से बढ़ी हैं। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियां निरन्तर बढ़ रही हैं। वैसे तो दुनिया के तमाम देश बीते कुछ दशकों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहे हैं लेकिन कोरोना काल के दौरान जब अमेरिका जैसे विकसित देश को भी बेबस अवस्था में देखा गया और वहां भी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए जरूरी सामान की भारी कमी नजर आई, तब पूरी दुनिया को अहसास हुआ कि अभी भी जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन स्वयं मानता है कि दुनिया की कम से कम आधी आबादी को आज भी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। विश्वभर में अरबों लोगों को स्वास्थ्य देखभाल हासिल नहीं होती। करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिन्हें रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं तथा स्वास्थ्य देखभाल में से किसी एक को चुनने पर विवश होना पड़ता है। भारतीय समाज में तो सदियों से धारणा रही है 'पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में हो माया' लेकिन चिंता का विषय यही है कि हमारे यहां भी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बहुत खराब है। बहरहाल, विश्व स्वास्थ्य दिवस के माध्यम से जहां समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाता है, वहीं इसका सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु यही होता है कि लोगों को स्वस्थ वातावरण बनाकर स्वस्थ रहना सिखाया जा सके। दरअसल विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होना ही मानव-स्वास्थ्य की परिभाषा है। यह बेहद चिंता का विषय है कि दुनिया की करीब 30 प्रतिशत आबादी के पास बुनियादी स्वास्थ्य उपचार तक पहुंच नहीं है और करीब 200 करोड़ लोग विनाशकारी अथवा खराब स्वास्थ्य देखभाल लागत का सामना कर रहे हैं, जिसमें काफी असमानताएं हैं, जो सबसे वंचित परिस्थितियों में लोगों को प्रभावित कर रही हैं। हालांकि स्वास्थ्य का अधिकार एक ऐसा मौलिक मानवाधिकार है, जिसके तहत प्रत्येक व्यक्ति को बगैर किसी वित्तीय बोझ के, जब भी जरूरत हो, स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच मिलनी चाहिए। वैज्ञानिक उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि तकनीक और विज्ञान तभी वास्तविक रूप से सफल माने जाएंगे, जब वे एक गरीब की झोपड़ी तक सुलभ और वहनीय हों। जल जनित रोग, टाइफाइड और कुपोषण जैसी बीमारियां अभी भी हमारे समाज के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई हैं, जो सीधे तौर पर स्वच्छता, शुद्ध पेयजल और वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन की कमी को दर्शाती हैं। स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को सार्वभौमिक बनाने के लिए विज्ञान के साथ अडिग खड़ा होना और साक्ष्य-आधारित मार्गदर्शन को पूरी निष्ठा से अपनाना ही वह एकमात्र मार्ग है, जो हमें एक स्वस्थ भारत और समृद्ध विश्व की ओर ले जाएगा। आज आवश्यकता केवल उपचार की नहीं बल्कि वैज्ञानिक सोच को अपनी दिनचर्या और जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने की है।

# 5 राज्यों के विधान सभा के चुनावी समरक्षेत्र में जनादेश की आहट



लेखक - बिनोद कुमार सिंह

भारत का लोकतंत्र केवल एक शासन प्रणाली नहीं,बल्कि एक जीवंत परंपरा है,जहाँ प्रत्येक चुनाव जनभावनाओं का उत्सव बनकर सामने आता है।वर्ष 2026 में पाँच राज्यों-असम,तमिलनाडु,केरल, पश्चिम बंगाल और मणिपुर-के चुनाव इसी लोकतांत्रिक परंपरा के निर्णायक अध्याय बनकर उभरे हैं। यह केवल सत्ता परिवर्तन का अवसर नहीं,बल्कि पिछले पाँच वर्षों के कार्यों,वादों और जनता के विश्वास की अग्नि परीक्षा की घड़ी आ गई है।इन राज्यों की जनता ने बीते वर्षों में विकास,महंगाई,रोजगार,शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों को नजदीक से महसूस किया है।अब जब चुनावी शंखनाद हो चुका है,राज्यों के मतदाता अपने मन में एक ठोस निर्णय बना चुका है।वह यह तय करने की स्थिति में है कि कौन उसके सपनों का संवाहक है और कौन केवल राजनीतिक वादों का व्यापारी है।भारतीय लोकतंत्र का सबसे बड़ा परिवर्तन यह है कि मतदाता अब पहले से कहीं अधिक सजग, जागरूक और निर्णायक हो गया है।वह जातीय और धार्मिक सीमाओं से ऊपर उठकर सुशासन और विकास को प्राथमिकता देने लगा है।यही कारण है कि इस बार 5 राज्यों के विधान सभा चुनावों में पारंपरिक समीकरणों के साथ-साथ प्रदर्शन आधारित राजनीति भी प्रमुख भूमिका में दिखाई दे रही है।चुनावी मैदान आज एक ऐसे समरक्षेत्र में बदल चुका है,जहाँ सत्तारूढ़ राजनीतिक दल अपनी उपलब्धियों के रथ पर सवार है, वहीं विपक्ष असंतोष और सवालों के शस्त्र लेकर चुनावी मैदान में उतरा है। अगर हम राजनीतिक परिदृश्य पर एक दृष्टि डालें तो हर राज्य की परिस्थितियाँ भिन्न होते हुए भी एक समानता स्पष्ट दिखाई देती है-सत्ता और विपक्ष के बीच सीधा और तीखा संघर्ष का दौर जारी है।सत्तारूढ़ दल अपने कार्यकाल के दौरान किए गए बुनियादी ढांचे के विकास,कल्याणकारी योजनाओं और प्रशासनिक सुधारों को जनता के सामने रख रहा है। "डबल इंजन" जैसे राजनीतिक नारे और योजनाओं का लाभ उठाने वाला वर्ग उसके समर्थन का मजबूत आधार बन चुका है।वही दूसरी ओर विपक्ष महंगाई,बेरोजगारी,किसान संकट और सामाजिक असमानता जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने में जुटा है और जनता को परिवर्तन के लिए प्रेरित कर रहा है। यदि इन पाँच राज्यों के चुनावी परिदृश्य को गहराई से देखा जाए, तो एक बहुआयामी तस्वीर सामने आती है।असम में सत्ता पक्ष अपने मजबूत संगठन और नेतृत्व के कारण हल्की बढ़त बनाए हुए है। यहाँ उसे लगभग 44 से 48 प्रतिशत वोट मिलने की संभावना है,जबकि विपक्ष 40 से 43 प्रतिशत के बीच सिमट सकता है।सीटों के रूपांतरण में यह अंतर सत्ता पक्ष को बढ़त दिला सकता है,जहाँ 126 सदस्यीय विधानसभा में उसके 68 से 78 सीटों तक पहुँचने के संकेत मिलते हैं।इसके बावजूद मुकाबला पूरी तरह एकतरफा नहीं है और विपक्ष की चुनौती मजबूत बनी हुई है।वही तमिलनाडु में राजनीति अपने पारंपरिक द्रविड़ स्वरूप में ही दिखाई देती है,जहाँ डीएमके गठबंधन लगभग 42 से 46 प्रतिशत वोट हासिल कर स्पष्ट बढ़त की स्थिति में नजर आता है। एआईएडीएमके गठबंधन 34 से 38 प्रतिशत के बीच सीमित रह सकता है,जबकि अन्य दलों का प्रभाव सीमित दायरे में रहेगा।234 सदस्यीय विधानसभा में डीएमके गठबंधन 140 से 160 सीटों के साथ सशक्त स्थिति में उभर सकता है,जो यह स्पष्ट संकेत देता है कि वहाँ सत्ता की निरंतरता संभव है। केरल की राजनीति हमेशा से विचारधारात्मक संघर्ष और वैकल्पिक सत्ता परिवर्तन के लिए जानी जाती रही है,लेकिन इस बार स्थिति थोड़ी भिन्न दिखाई देती है। एलडीएफ 43 से 46 प्रतिशत वोट के साथ बढ़त बनाए हुए है,जबकि यूडीएफ 41 से 44 प्रतिशत के बीच मुकाबले में बना हुआ है।140 सीटों वाली विधानसभा में एलडीएफ को 70 से 80 सीटों तक पहुँचने का अनुमान है,जो यह संकेत देता है कि परंपरागत ट्रेंड के विपरीत सत्ता की पुनरावृत्ति संभव हो सकती है।पश्चिम बंगाल का चुनावी परिदृश्य सबसे अधिक तीव्र और ध्रुवीकृत दिखाई देता है।यहाँ टीएमसी 44 से 47 प्रतिशत वोट के साथ आगे है,जबकि भाजपा 38 से 42 प्रतिशत के बीच मजबूत चुनौती दे रही है।294 सीटों वाली विधानसभा में टीएमसी को 160 से 190 सीटें मिलने की संभावना है,जबकि भाजपा 90 से 120 सीटों के बीच रह सकती है।यह परिणाम दर्शाता है कि सत्ता पक्ष को बढ़त तो है,लेकिन विपक्ष भी निर्णायक उपस्थिति दर्ज कर रहा है। जहाँ तक केंद्र शासित जहाँ तक मणिपुर की बात है तो मणिपुर में राजनीतिक समीकरण अधिक जटिल और स्थानीय प्रभावों पर आधारित हैं।यहाँ भाजपा 36 से 40 प्रतिशत वोट के साथ सबसे बड़े दल के रूप में उभर सकती है, जबकि कांग्रेस 30 से 34 प्रतिशत के बीच रह सकती है।क्षेत्रीय दलों का 20 से 25 प्रतिशत वोट इस चुनाव को त्रिशंकु स्थिति की ओर ले जा सकता है।60 सदस्यीय विधान सभा में किसी एक दल को स्पष्ट बहुमत मिलना कठिन प्रतीत होता है और गठबंधन की राजनीति यहाँ निर्णायक भूमिका निभा सकती है।इन सभी 5 राज्यों के समेकित विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि भारतीय चुनावी समीकरण में वोट प्रतिशत और सीटों का अनुपात हमेशा सीधा नहीं होता।कई बार केवल 2 से 3 प्रतिशत वोट का अंतर दर्जनों सीटों का अंतर बना देता है,जो सत्ता की दिशा बदलने में निर्णायक साबित होता है।ऐसे में क्षेत्रीय दल अभी भी कई राज्यों में राजनीति के केंद्र में हैं और राष्ट्रीय दलों के लिए चुनौती बने हुए हैं।गठबंधन राजनीति का प्रभाव असम और मणिपुर जैसे राज्यों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है,जबकि तमिलनाडु,केरल और पश्चिम बंगाल में क्षेत्रीय नेतृत्व की पकड़ मजबूत बनी हुई है। अगर हम चुनावी मुद्दों की बात करें तो महंगाई,रोजगार,कृषि संकट, युवा आकांक्षाएँ और महिला सशक्तिकरण जैसे विषय हर राज्य में गूंज रहे हैं।कोविड के बाद स्वास्थ्य और शिक्षा भी प्रमुख मुद्दों के रूप में उभरे हैं।इसके साथ ही सोशल मीडिया ने चुनावी परिदृश्य को पूरी तरह बदल दिया है।

# एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 11 मेडल पक्के

- मीनाक्षी और जैस्मिन सहित 5 महिला बॉक्सर सेमीफाइनल में
- 6 पुरुष मुक्केबाजों ने भी मेडल पक्के किए

**मंगोलिया (एजेंसी)।** मंगोलिया के उलानबटोर में चल रही एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत के शानदार प्रदर्शन जारी है। पांच महिला और छह पुरुष मुक्केबाज़ों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।पुरुष वर्ग में लोकेश, आकाश और हर्ष चौधरी की जीत के साथ कुल छह भारतीय बॉक्सर सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं।

मीनाक्षी और जैस्मिन की एकतरफा जीत

रविवार के मॉर्निंग सेशन में मीनाक्षी (48 किग्रा) और जैस्मिन (57 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

मीनाक्षी ने जापान की युका सादामात्सु को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराया। वहीं, जैस्मिन ने चीन की झियी चेन को 5-0 से मात देकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया। इससे पहले शनिवार को निखत जरीन, प्रिया घंघास और प्रीति पवार भी अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। पुरुष वर्ग में भारतीय मुक्केबाज़ों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपनी दावेदारी मजबूत की।85 किग्रा भार वर्ग में लोकेश ने कोरिया के गिचे किम को 5-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं, आकाश ने तुर्कमेनिस्तान के यल्हास बग्टयारोव को 5-0 से मात दी।इसके अलावा, हर्ष चौधरी ने किर्गिज़ गणराज्य के तिनिस्तान अलीबाएव को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।हालांकि, 80 किग्रा भार वर्ग में अंकुश को जॉर्डन के हुसैन इशाश के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, जिससे वे टूर्नामेंट से बाहर हो गए।वहीं, 50 किग्रा वर्ग में विश्वनाथ सुरेश और 60 किग्रा में सचिन ने भी जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है।

# अंडर-20 एथलेटिक्स मीट में देहरादून के आहिल और दीपांशु चैंपियन

- प्रतियोगिता का हुआ समापन; नेशनल के लिए कर्नाटक जाएंगे होनहार एथलीट्स

**देहरादून (एजेंसी)।** महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के एथलेटिक्स ट्रैक पर चल रही दो दिवसीय उत्तराखंड स्टेट जूनियर अंडर-20 एथलेटिक्स प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता के दूसरे और अंतिम दिन 18 इवेंट्स आयोजित किए गए।

समापन समारोह में स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश ममगाई (मुख्य अतिथि) और ओलंपियन मनीष रावत (विशिष्ट अतिथि) ने विजेता एथलीट्स को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया। इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड के सभी जिलों से कुल 134 होनहार एथलीट्स (92 बालक और 42 बालिकाओं) ने अपना दम-खम दिखाया। आयोजन सचिव केजेएस कलसी ने बताया कि जो भी एथलीट एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के मानकों को पूरा करेंगे,

**आईपीएल 2026: सीएसके की डेथ गेंदबाजी पर बिफरे अंबाती रायुडू, कहा-**

# इस तरह की बॉलिंग के लिए धोनी ने कभी हां नहीं कहा



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने सीएसके की डेथ ओवर की बॉलिंग पर निशाना साधा है। सीएसके ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आखिरी पांच ओवर में 97 रन लुटाए थे। इसमें आखिरी ओवर में 30 रन शामिल हैं। टिम डेविड ने 25 गेंद में तीन चौके और आठ छक्के की मदद से 70 रन बनाकर पूरा पासा पलट दिया था। हालांकि, रायुडू ने कहा है कि जिस लेंथ पर चेन्नई के गेंदबाजों ने गेंदबाजी की, उस लेंथ पर गेंदबाजी करने से महेंद्र सिंह धोनी ने हमेशा मना किया था।





## चेन्नई की रणनीति की आलोचना की

आरसीबी ने रविवार को सीएसके को 43 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 250 रन बनाने के बाद, उसने सीएसके को 207 रन पर समेट दिया।

आरसीबी ने जेमी ओवरटन के आखिरी ओवर में 30 रन बटोरे थे। ओवरटन ने राउंड द विकेट गेंदबाजी की और डेविड ने इस एंगल का फायदा उठाते हुए लगातार चौके-छक्के लगाए।

## डेथ ओवर में गेंदबाजी चेन्नई के लिए सबसे बड़ी समस्या

डेथ ओवर्स चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एक बड़ी समस्या बने रहे, क्योंकि आखिरी चार ओवरों में टीम ने 78 रन लुटा दिए, जिससे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 250/3 का विशाल स्कोर खड़ा करने में सफल रही। हालांकि लक्ष्य का पीछा करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स 200 रन के पार पहुंच गई, लेकिन वह आरसीबी के स्कोर से काफी पीछे रह गई।चेन्नई की डेथ बॉलिंग पर खासा असर पड़ा है, खासकर तब से जब नाथन एलिस हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर हो गए। उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल किए गए स्पेंसर जॉनसन अभी तक टीम से नहीं जुड़ पाए हैं। एलिस की गैरमौजूदगी में जेमी ओवरटन उस कमी को भरने में संघर्ष करते नजर आए हैं। राउंड द विकेट गेंदबाजी करना उनके लिए नया है। आरसीबी के खिलाफ मैच से पहले उन्होंने अपने पूरे करियर में इस एंगल से दो ओवर से भी कम गेंदबाजी की थी।

## चेन्नई को करना होगा रणनीति में बदलाव

हाल के वर्षों में सीएसके से जुड़ी अन्य फ्रेंचाइजियां, जैसे जोहानिसबर्ग सुपर किंग्स और टेक्सास सुपर किंग्स, राउंड द विकेट गेंदबाजी की रणनीति अपना रही हैं और इसके लिए स्पेशलिस्ट गेंदबाजों पर भरोसा करती हैं। सीजन के पहले तीन मैचों में चेन्नई की गेंदबाजी सबसे बड़ी चिंता बनकर उभरी है। टीम का इकोनॉमी रेट 11.57 रहा है, जो बेहद महंगा है। दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भी पहले कहा था कि टूर्नामेंट में आगे सीएसके के लिए सबसे बड़ी चुनौती उनकी गेंदबाजी ही होगी, क्योंकि बल्लेबाजों पर हर मैच में 225-230 रन बनाने का दबाव बन रहा है। आरसीबी से हार के बाद सीएसके अंक तालिका में सबसे नीचे बनी हुई है और उसका नेट रन रेट -2.517 है। अब टीम की नजरें वापसी पर हैं, जब वह 11 अप्रैल को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अगला मुकाबला खेलेगी।

# कहां खो गया विश्वकप हीरो सैमसन का फॉर्म?

**कोच फ्लेमिंग ने किया बचाव, ऋतुराज ने हार की जिम्मेदारी ली**





**बेंगलुरु (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में संजू सैमसन का खराब फॉर्म जारी है। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए वह लगातार तीसरे मैच में भी सिंगल डिजिट स्कोर पर आउट हो गए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 251 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन सिर्फ नौ रन ही बना सके।

यह वही बल्लेबाज हैं जिन्होंने हाल ही में टी20 विश्वकप 2026 में शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन आईपीएल में उनकी लय पूरी तरह गायब नजर आ रही है।

## फ्लेमिंग ने किया बचाव

सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने सैमसन का बचाव करते हुए कहा, जब आप लंबे समय तक किसी एक फ्रेंचाइजी के साथ रहते हैं, तो नई टीम में ढलना आसान नहीं होता। भले ही वह खुद को सहज महसूस कर रहे हों, लेकिन टीम से जुड़ाव बनने में थोड़ा समय लगता है। वह अभी इस टीम के साथ तालमेल बैठाने की प्रक्रिया में हैं, और टीम में भी कई बदलाव हुए हैं, इसलिए यह पूरी तरह से सेटअप नहीं है।

## नो-बॉल ने बढ़ाई मुश्किल

18वें ओवर में अंशुल कंबोज ने डेविड को बोल्ड कर दिया था, लेकिन वह नो-बॉल निकली। इसके बाद डेविड ने मैच पूरी तरह बदल दिया। फ्लेमिंग ने इस पर कहा, दबाव में सही एग्जीक्यूशन जरूरी होता है। टिम डेविड जैसे बल्लेबाज के खिलाफ आपको बिल्कुल सटीक रहना पड़ता है। हम थोड़े पीछे रह गए और उन्होंने लय पकड़ ली। नो-बॉल भी अहम रही, वहां करीब 40 रन का फर्क पड़ा। छोटी-छोटी गलतियां बड़े नुकसान में बदल गईं।

## आरसीबी ने किया सीएसके का काम तमाम

मैच की बात करें तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 250 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। हालांकि, आरसीबी की पारी के 15 ओवर तक सीएसके ने मुकाबले में पकड़ बनाए रखी थी, लेकिन आखिरी पांच ओवरों में 97 रन लुटा दिए। टिम डेविड और कप्तान रजत पाटीदार ने मिलकर सीएसके के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की और 97 रन जोड़े।


# कोहली सीएसके के खिलाफ टॉप स्कोरर बने

- डेविड का 106 मीटर सिक्स मैदान के बाहर गया, भुवनेश्वर के 200 विकेट पूरे, बने यह रिकॉर्ड्स

बेंगलुरु (एजेंसी)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स को 43 रन से हराया। रविवार के मैच में विराट कोहली सीएसके के खिलाफ आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। आरसीबी ने 250/3 बनाकर अपना तीसरा सबसे बड़ा टोटल बनाया। टिम डेविड ने 106 मीटर सिक्स लगाया। गेंद स्टेडियम के बाहर गई।

**सबसे बड़े टोटल से 13 रन पीछे रही आरसीबी-** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 250/3 बनाकर आईपीएल इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा टोटल बनाया। नंबर-1 पर 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 263/5 का स्कोर है।

**कोहली सीएसके के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज-** विराट कोहली ने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया। उनके 1174 रन हो गए। वे किसी एक टीम के खिलाफ आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बने। दूसरे नंबर पर मुंबई के



रोहित शर्मा हैं। उनके कोलकाता के खिलाफ 1161 रन हैं।

## आरसीबी ने सीएसके के खिलाफ सबसे ज्यादा सिक्स लगाए

आरसीबी ने 19 सिक्स लगाए। यह सीएसके के खिलाफ किसी टीम द्वारा एक पारी में सबसे ज्यादा हैं। इससे पहले रिकॉर्ड 17 सिक्स का था। इसे कोलकाता (2018, चेन्नई) और राजस्थान (2020, शारजाह) ने बनाया था। यह आरसीबी की पारी में तीसरा सबसे ज्यादा सिक्स का आंकड़ा भी है।

**व्यापार**

# सोने के हर गहने को अब मिलेगी अलग पहचान संख्या, हॉलमार्किंग को और सख्त करने जा रही सरकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोने की शुद्धता में गड़बड़ी और हॉलमार्क के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए सरकार हॉलमार्किंग व्यवस्था को और सख्त करने की तैयारी कर रही है। नए प्रस्तावित नियमों के तहत अब हर सोने के गहने को एक अलग पहचान संख्या दी जाएगी, जो केवल उसी गहने के लिए होगी और दोबारा किसी दूसरे गहने पर इस्तेमाल नहीं की जा सकेगी। इससे ग्राहकों को असली और सही शुद्धता वाला सोना मिलने में मदद मिलेगी। फिलहाल देश के 400 जिलों में हॉलमार्क यूनिक आईडी सिस्टम लागू है, जिसमें हर गहने को एक विशेष नंबर दिया जाता है। लेकिन सरकार को शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ मामलों में एक ही नंबर कई गहनों पर इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे ग्राहक को जिस शुद्धता का सोना बताया जाता है, जांच में कई बार उतना शुद्ध नहीं पाया गया। इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं। यह ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी मानी जाती है। इसी समस्या को रोकने के लिए सरकार अब नई और सख्त व्यवस्था लागू करने जा रही है।

25 जिलों में सफल परीक्षणः सरकार ने इस नई व्यवस्था का परीक्षण पहले 25 जिलों में किया था। इस दौरान हॉलमार्क वाले हर गहने की फोटो, वजन और अन्य जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की गई थी। हॉलमार्क जरूर देखें: सोना खरीदते समय हमेशा भारतीय मानक ब्यूरो का हॉलमार्क चेक करें। असली हॉलमार्क पर तिकोना निशान, शुद्धता (जैसे 22च/916) और हॉलमार्किंग सेंटर का कोड साफ लिखा होता है। बिना हॉलमार्क वाला सोना खरीदने से बचें। सोने की सतह पर हल्का सा खरोंच लगाकर उस पर नाइट्रिक एसिड की एक बूंद डालें। अगर रंग हरा हो जाए तो सोना नकली हो सकता है। असली सोने पर कोई असर नहीं पड़ता। असली सोना चुंबक की ओर आकर्षित नहीं होता। अगर आपका सोना मैग्नेट से चिपकने लगे, तो उसमें मिलावट होने की संभावना है। सोना पानी में डालने पर हमेशा डूब जाता है। अगर वह तैरने लगे या ऊपर रहे, तो समझ लें कि सोना शुद्ध नहीं है। सोने की कीमत उसके कैरेट पर निर्भर करती है।

## सोना की कीमतों 33178 रुपये की बड़ी गिरावट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोने और चांदी की कीमतों में आज फिर से गिरावट देखने को मिली है। गोल्ड का रेट बीते एक महीने में 33178 रुपये लुढ़क चुका है। आज सोमवार को सोने का भाव इंटरनेशल मार्केट में 0.30 प्रतिशत कम हो गया है।

इस गिरावट के बाद इंटरनेशनल मार्केट 4665.50 डॉलर प्रति आउंस के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, चांदी की कीमतों में भी आज सोमवार को गिरावट देखने को मिली है। जिसकी वजह से इंटनेशनल मार्केट में Silver का रेट 0.53 प्रतिशत की गिरावट के बाद 72.535 डॉलर प्रति आउंस के स्तर पर आ गया है।

# कर्मचारी के निधन पर भी 10 साल तक परिवार को 50% सैलरी देता है गूगल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आमतौर पर नौकरी सिर्फ कर्मचारी तक सीमित मानी जाती है, लेकिन दुनिया की टॉप टेक कंपनियों में से एक गूगल के लिए कर्मचारी सिर्फ एक रिसोर्स नहीं, बल्कि परिवार का हिस्सा है। कंपनी कर्मचारी की मौत के बाद भी उसके परिवार का ख्याल रखती है और आर्थिक मदद जारी रहती है।




गूगल की पेरेंट अल्फाबेट मार्केट कैप के हिसाब से दुनिया की तीसरी बड़ी कंपनी है। उसके आगे केवल एनवीडिया और ऐपल है। पूरी दुनिया में गूगल के कर्मचारियों की संख्या करीब 190,800 है।

**कॉर्पोरेट में मिसालः** कॉर्पोरेट सेक्टर में ऐसी सुविधाएं बहुत कम देखने को मिलती है। इसीलिए गूगल की पॉलिसी चर्चा में रहती है। यह दिखाती है कि कंपनियां चाहें तो अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए एक सुरक्षित माहौल बना सकती है।

## 10 साल तक सैलरी

गूगल की इस पॉलिसी के तहत अगर किसी कर्मचारी का निधन हो जाता है, तो उसके जीवनसाथी को अगले 10 साल तक उसकी सैलरी का करीब 50त्न दिया जाता है। सबसे खास बात यह है कि इसके लिए लंबे समय तक नौकरी करना जरूरी नहीं है। यह सुविधा कर्मचारी के जॉइन करते ही लागू हो जाती है। कंपनी बच्चों को भी नजरअंदाज नहीं करती। कर्मचारी के हर बच्चे को हर महीने करीब 1000 डॉलर (लगभग 80 हजार रुपये) की आर्थिक मदद दी जाती है। यह सहायता बच्चों की एक तय उम्र तक जारी रहती है, ताकि उनकी पढ़ाई और बाकी जरूरतें प्रभावित न हों। पॉलिसी की खास बात यह है कि कर्मचारी को भविष्य में मिलने वाले कंपनी के शेयर भी तुरंत परिवार के नाम ट्रांसफर कर दिए जाते हैं। इससे परिवार को एकमुश्त बड़ी आर्थिक मदद मिल जाती है और आर्थिक सुरक्षा मजबूत होती है।

# भाई-बहन की जोड़ी ने किया कमाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आस्तिका नरुला और उनके छोटे भाई शंकर नरुला पंजाब के लुधियाना से हैं। बहन-भाई की इस जोड़ी ने अपने घर के भीतर 'इनडोर एयरोपोनिक्स' तकनीक से केसर उगाकर सबको चौंका दिया है। दिलचस्प यह है कि दोनों का कोई एग्रीकल्चर बैकग्राउंड नहीं है। उन्होंने 'ग्रो ग्रोअर' नाम का एक सफल ब्रांड खड़ा कर दिया है। इस ब्रांड के तहत बहन-भाई ने लुधियाना में कश्मीर जैसा आर्टिफिशियल एनवायरनमेंट तैयार किया। सिर्फ दो सीजन में 26 लाख रुपये की कमाई की। तकनीक और सही रिसर्च से उन्होंने इस असंभव को संभव बनाया। आइए, यहां आस्तिका और शंकर की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। आस्तिका और शंकर लुधियाना के रहने वाले हैं। उनका परिवार पारंपरिक रूप से खेती से जुड़ा नहीं रहा है। उनके पिता विकास नरुला एक बैंकर हैं।

## घर बैठे-बैठे कमाए सिर्फ दो सीजन में 26 लाख रुपये



## ऊंची कीमत पर ऐसे किया सौदा

भारतीय बाजार में जहां सस्ता ईरानी केसर हावी है। वहीं, भाई-बहन ने शुद्ध कश्मीरी केसर की क्वालिटी पर फोकस किया। पहले सीजन में उन्होंने अपना ज्यादातर माल ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे विदेशी बाजारों में 1,300 रुपये से 1,650 रुपये प्रति ग्राम की ऊंची कीमतों पर बेचा।

## चुनौतियों का किया डटकर सामना

हालांकि, यह सफर आसान नहीं था। भाई-बहन को भारी नुकसान भी झेलना पड़ा। शुरुआत में गर्मी के कारण 20 प्रतिशत बीज खराब हो गए। तकनीकी गलतियों की वजह से दूसरे साल पैदावार थोड़ी कम रही। हालांकि, इन गलतियों से सीखते हुए अब वे भारत के अन्य राज्यों में अपने पार्टनर नेटवर्क के जरिए 8-15 किलो केसर का उत्पादन करने का टारगेट रख रहे हैं। उनका मकसद सिर्फ केसर का उत्पादन नहीं है। इसके बजाय भारत को बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है।

## छोटा सा कमरा बना प्रयोगशाला

भाई-बहन ने 630 वर्ग फीट के बंद कमरे में एयरोपोनिक्स (बिना मिट्टी की खेती) तकनीक का इस्तेमाल किया। इस तरीके में पौधों की जड़ों को हवा में लटकाया जाता है। उन पर पोषक तत्वों की धुंध (मिस्ट) छिड़की जाती है। उन्होंने सीखा कि तापमान को कैसे 3 डिग्री सेल्सियस से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच मेनटेन करना है। साथ ही नमी को 30 प्रतिशत- 80 प्रतिशत के बीच किस तरह से कंट्रोल में रखना है। करीब चार साल की डीप रिसर्च और ईरानी वैज्ञानिकों से ऑनलाइन ट्रेनिंग लेने के बाद उन्होंने 2024-25 के पहले सीजन में 1.3 किलो प्रीमियम केसर का उत्पादन किया। यूपीएससी में असफल होने के बाद आस्तिका आगे कुछ करने के बारे में सोच रही थीं। इस बीच शंकर ने बीसीए की पढ़ाई पूरी कर ली थी। उसी समय दोनों को वक्त मिला।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM
किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)